

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 316

ग्वालियर, रविवार, 09 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### लंदन से आई 190 यात्रियों की फ्लाइट में 25 यात्री निकले कोरोना संक्रमित

**अमृतसर।** इटली के बाद शनिवार को लंदन से आई 190 यात्रियों की फ्लाइट में से 25 यात्री कोरोना संक्रमित हैं। संक्रमित यात्रियों को उनके जिलों में भेजने के लिए प्रशासन द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है, इससे पहले गुरुवार तथा शुक्रवार को क्रमवार इटली से आई फ्लाइट में से 125 यात्री कोरोना संक्रमित थे। जानकारी अनुसार पंजाब में लगातार ओमीक्रोन प्रभावित देशों से आने वाली फ्लाइट में से कोरोना के मरीज पंजाब में आ रहे हैं। इटली से बड़ी तादाद में पंजाब आए विदेशी यात्रियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद शंका के घेरे में आई स्पाइसजेट कंपनी के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच के आदेश दे दिए गए थे और कंपनी के टेस्टिंग कार्यों पर रोक लगा दी गई थी। शनिवार सुबह से अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भसीन पैथ लैब द्वारा अपना कार्य किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि भसीन पैथ लैब की मशीनरी अति आधुनिक तकनीकों से लैस है और पहले भी यह पारदर्शी ढंग से एयरपोर्ट पर काम कर चुकी है।

### सरकारी आंकड़े बताते हैं कि देश में कोरोना की तीसरी लहर आ चुकी

**नई दिल्ली।** मोदी सराकर के आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को ताजा आंकड़ों का हवाला देकर कहा कि बेहद संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के कारण सभी राज्यों में कोविड-19 की तीसरी लहर तेजी से फैल रही है। कुछ दिनों पहले तक केवल देश के पश्चिमी क्षेत्र में ही ओमीक्रोन के कारण कोरोना के मामलों में वृद्धि हुई थी, जबकि पूर्वोत्तर के राज्यों, बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में डेल्टा स्वरूप मामलों के बढ़ने का प्रमुख कारण था। एक सूत्र ने बताया कि ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि सभी पूर्वी राज्यों में भी ओमीक्रोन से संक्रमण के मामले बढ़े हैं।सूत्र ने कहा, इसकारण कहा जा सकता है कि सभी राज्यों में बेहद संक्रामक के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर तेजी से फैल रही है।'' केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार के आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 1,41,986 नए मामले आए हैं,इससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,53,68,372 हो गई है। सरकार ने लोगों से कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने का फिर से आग्रह किया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बुनियादी ढांचे की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए भी कहा है, जिसमें कोविड -19 के कारण अस्पताल में दाखिले में संभावित वृद्धि के मद्देनजर किसी भी कमी से बचने के लिए क्षेत्र/अस्थायी अस्पतालों की फिर से स्थापना शामिल है।

### बुल्ली बाई एप को लेकर राहुल गांधी का हमला, भाजपा ने नफरत की कई फैक्ट्री लगाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने खबर का हवाला देकर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने नफरत की कई फैक्ट्री लगाई हैं।राहुल ने टवीट किया, बुल्ली बाई एप मामले में अभियुक्तों की कम उम्र देखकर पूरा देश पूछ रहा था कि इतनी नफ़रत आती कहां से है? दरअसल भाजपा ने नफ़रत की कई फैक्ट्री लगा रखी हैं। 'टेक फॉग (एप) उनमें से एक है।' इससे पहले, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा पर 'टेक फॉग नामक एक एप के माध्यम से कुछ समुदायों, महिलाओं और विपक्ष के खिलाफ दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाकर कहा था कि मामले पर उच्चतम न्यायालय को संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा था कि सरकार को एप के संदर्भ में तत्काल कदम उठाना चाहिए। कांग्रेस के आरोप पर भाजपा की तरफ से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### बीएसएफ ने पंजाब के फिरोजपुर से जब्त की पाकिस्तानी नाव लावारिस पड़ी थी

**नई दिल्ली।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स यानी बीएसएफ ने पंजाब के फिरोजपुर जिले में एक लावारिस पड़ी पाकिस्तानी नाव को जब्त किया है। पाकिस्तान से सटी सीमा के कारण फिरोजपुर संवेदनशील इलाका माना जाता है और बीते कई महीनों में पड़ोसी मुल्क से कई ड्रोन अवैध रूप से यहां भेजे जा चुके हैं। एक वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तैनात 36 बटालियन के एक जवान को गश्ती के समय डीटी मॉल बॉर्डर आउटपोस्ट इलाके में लकड़ी की नाव दिखी। उन्होंने बताया, सर्दियों में यह इलाका कोहरे की घनी चादर से ढका रहता है। नाव मिलने के बाद हमने इलाके में तलाशी अभियान चलाया और स्थानीय गांवों को भी अलर्ट कर दिया कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि देखने पर फौरन बीएसएफ को सूचित करें। इस तरह की नावों का इस्तेमाल अक्सर मादक पदार्थों और हथियारों की सीमा पार से तस्करी करने के लिए किया जाता है। बता दें कि गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला भी फिरोजपुर इलाके में ही एक फ्लाईओवर पर 15 से 20 मिनट तक रुका रहा था।

10 मार्च को आएंगे परिणाम

# ईसी ने 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव तिथियों का किया ऐलान, यूपी में 7 चरणों में होगा चुनाव

- पंजाब और उत्तराखंड में एक राउंड में होगा मतदान
- रैली, रोड शो पर रोक, सिर्फ वर्चुअल कैंपेन की होगी इजाजत




**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश समेत 5 राज्यों के बहुप्रतीक्षित चुनावों की तिथियों की घोषणा निर्वाचन आयोग ने कर दी है। लोकसभा चुनाव के सेमीफाइनल कहे जा रहे इन चुनावों में 403 विधानसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में 7 चरणों मतदान होगा। इसके अलावा उत्तराखंड, गोवा और पंजाब में 14 फरवरी को एक ही राउंड में मतदान होना है। मणिपुर में दो चरणों में 27 फरवरी और 3 मार्च को वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश में पहले राउंड की वोटिंग 10 फरवरी को होगी। इसके बाद दूसरे चरण का मतदान 14 फरवरी को होना है। 20 फरवरी को तीसरे और 23 तारीख को चौथे राउंड की वोटिंग होगी। 27 फरवरी को 5वें, 3 मार्च को छठे और 7 मार्च को 7राउंड का मतदान होना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा ने बताया कि 10 मार्च को सभी 5 राज्यों के नतीजों का ऐलान किया जाएगा। यूपी समेत सभी 5 राज्यों में वोटिंग का समय एक घंटा बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा सभी राज्यों में 15 जनवरी तक किसी भी तरह की रैली, रोड शो, बाइक रैली, नुक्कड़ सभाओं पर रोक लगा दी गई है। सिर्फ वर्चुअल कैंपेन की ही अनुमति होगी। 15 जनवरी के बाद हालात की समीक्षा की जाएगी। यदि कोरोना नियंत्रण में होता है तो फिर कुछ छूट दी जा सकती हैं। चुनाव की समाप्ति के बाद किसी भी तरह के विजय जुलूस पर रोक होगी।

### सभी चुनाव अधिकारियों के लिए कोरोना की दोनों डोज जरूरी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव के दौरान कोरोना नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि हमें महामारी से निकलने का यकीन रखना होगा। उन्होंने नियमों के बारे में बताते हुए एक शेर से शुरुआत की। सुशील चंद्रा ने कहा, %यकीन हो तो कोई रास्ता निकलता है, हवा की ओट लेकर भी चिराग जलता है।% चुनाव में तैनात सभी कर्मियों को वैक्सीन की दोनों डोज लगी होनी चाहिए। चुनाव आयुक्त ने कहा कि उत्तराखंड और गोवा में ज्यादातर लोगों को दोनों डोज लग चुकी हैं। यूपी में 90 फीसदी वयस्कों को कम से एक टीका लग चुका है। चुनाव आयोग ने कहा कि इलेक्शन के दौरान अवैध पैसे और शराब पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा कोरोना संकट को देखते हुए उम्मीदवारों को ऑनलाइन नामांकन की भी सुविधा दी जाएगी। चुनाव आचार संहित इलेक्शन शेड्यूल जारी होने के बाद ही लागू हो जाएगी। चुनाव की अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और इसके चलते अब किसी भी राज्य में कोई सरकार जनता को लुभाने की घोषणाओं का ऐलान नहीं कर सकेगी।

# पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक को किरण बेदी ने बताया बड़ी साजिश



**नई दिल्ली।** पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक ओर जहां कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे पर बयानबाजी कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी इस घटना को लेकर चिंता जाहिर कर चुके हैं। अब इस मामले पर पूर्व आईपीएस किरण बेदी ने भी पंजाब सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इसमें पूर्व नियोजित साजिश होने की आशंका जाहिर की है।

उन्होंने कहा डीजीपी की गैर हाजिरी ही सबसे बड़ी चूक है। राज्य के गृह मंत्री और गृह सचिव भी मौजूद नहीं थे। जिलाधिकारी भी नदारद थे, इन सभी को देखते हुए यह चूक नहीं साजिश लग रही है। कांग्रेस महाराष्ट्र प्रमुख नाना पटोले ने इस मामले पर कहा कि ऐसी गलतियों के कारण भारत ने अपने 2 प्रधानमंत्री खो दिए हैं और कांग्रेस नुकसान को समझ चुकी है। पीएम का सुरक्षा उल्लंघन गलत था, लेकिन सामने आए वीडियो के मुताबिक आखिरी वक्त में उनका रूट क्यों बदला गया और भाजपा कार्यकर्ता वहां कैसे जमा हुए? पीएम की सुरक्षा में हुई चूक को शिवसेना, बसपा से लेकर कांग्रेस नेता तक गलत ठहरा चुके हैं और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर चुके हैं।

शिवसेना के सांसद संजय राउत ने पीएम की सुरक्षा में चूक पर कहा प्रधानमंत्री पूरे देश के हैं, उनकी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होना चाहिए, मोदी के पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा में मिली खामियां गंभीर हैं। इन गलतियों के कारण देश ने दो प्रधानमंत्रियों को खो दिया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी चिंता जताते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के अभी हाल के पंजाब दौरे में जो सुरक्षा चूक हुई है वह अति-चिंतनीय है और इसकी पूरी गंभीरता से उच्च-स्तरीय निष्पक्ष जांच जरूरी है।

# पत्रकार नवप्रीत कौर शाह को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## बोले, संघ के अध्यक्ष केबी पंडित पत्रकारों के लिए संघर्षरत






**हिसार।** नवप्रीत कौर शाह हरियाणा पत्रकार संघ द्वारा पंचकूला के लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पत्रकारिता क्षेत्र में सराहीनय कार्य करने पर हिसार जिले से बरवाला से पत्रकार राजेश सलूजा व नवप्रीत कौर शाह तथा उकलाना से पत्रकार जगदीश असीजा को सम्मानित किया गया। पत्रकार नवप्रीत कौर शाह ने बताया कि संघ के अध्यक्ष केबी पंडित पत्रकार समुदाय के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने बताया कि श्री पंडित ने न केवल पत्रकारों के हकों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं बल्कि जरूरतमंदों की मदद के लिए भी हमेशा आगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि केबी पंडित ने 1991 में हरियाणा पत्रकार संघ की स्थापना की थी। संघ की स्थापना करना उनका पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा मुख्य उद्देश्य था। नवप्रीत कौर शाह ने बताया कि संघ के प्रयासों से 50 से ज्यादा दिवंगत पत्रकारों के परिवारों को आर्थिक सहायता की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि केबी पंडित आज भी पत्रकारों को सरकार से सुविधाएं दिलवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनका कहना है कि पत्रकार हर समय जोखिम में रहता है इसलिए उन्हें भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए पत्रकार नवप्रीत कौर शाह ने खुशी जाहिर करते हुए इसके लिए संघ के अध्यक्ष केबी पंडित का आभार जताया।

# रैलियों पर लगा बैन डिजिटल रैली में बीजेपी से मुकाबला नहीं कर सकते पैसे दे चुनाव आयोगः अखिलेश यादव



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। इसके मुताबिक उत्तर प्रदेश में 10 फरवरी से 7 मार्च के बीच 7 चरणों में मतदान होगा। हालांकि इस दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी राज्य में रैलियों और रोड शो के आयोजन की इजाजत नहीं होगी। आयोग के इस फैसले से सपा प्रमुख अखिलेश यादव खासा नाराज दिखे। आयोग ने कहा कि इन चुनावों में 15 जनवरी तक किसी भी नुक्कड़ सभा व साइकिल रैली या बाइक रैली और पदयात्रा जैसी चीजों पर भी रोक रहेगी। आयोग ने कहा कि केवल डिजिटल रैलियों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसको लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि अगर चुनाव आयोग यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में राजनीतिक दलों के लिए वर्चुअल रैलियों के पक्ष में है, तो आयोग को इसे सभी राजनीतिक दलों के लिए एक समान खेल मैदान बनाना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा, ÷पहली बार कोरोना के समय में इस तरह से चुनाव हो रहा है। आयोग ने कई तरह के नियम बनाए हैं। लेकिन वर्चुअल रैलियों की हम बात करें तो आयोग को उन पार्टियों के बारे में भी सोचना चाहिए, जिनके पास वर्चुअल रैली के लिए पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा, चुनाव आयोग को विपक्षी दलों को टीवी पर अधिक समय देना चाहिए और यह फ्री में मिलना चाहिए। भाजपा के पास पहले से ही बहुत इन्फ्रास्ट्रक्चर है। इलेक्शन बॉन्ड भी उन्हें ही सबसे ज्यादा मिलते हैं।



# चम्बल ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर जीता फाइनल

**मुरैना।** इंदौर में आयोजित ए डब्ल्यू कनमाडीकर बॉयज अंडर 13 डे टूर्नामेंट के फाइनल मैच में चंबल टीम ने भोपाल से यह मैच पहली पारी की बढ़त के आधार पर जीत लिया है। इस जीत पर चम्बल डिविजन के संरक्षक ज्योतिरादित्य सिंधिया, अध्यक्ष प्रशांत मेहता, सचिव तस्लीम खान ने पूरी टीम को बधाई दी व साथ ही उन्होंने सभी प्लेयर्स के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस मैच में चम्बल डिवीजन की टीम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दौनों पारियों में यशबर्धन 140 रन, पारस कुमार 106 रन की मदद से दूसरी पारी में भोपाल टीम को 286 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी



भोपाल की टीम यशवर्धन 7 विकेट की गेंदगाजी के आगे टिक न सकी। जिसके चलते चम्बल की टीम ने यह मैच आसानी से जीत लिया। टीम की इस जीत पर चंबल डिवीजन के अध्यक्ष प्रशांत मेहता एवं सचिव तस्लीम खान ने पूरी टीम के साथ सहयोगी नवेद खान, अश्वनी तौमर, जितेंद्र शर्मा को भी बधाई दी है। इस अवसर पर तस्लीम खान ने अंडर-13 के चेयरमैन नवेद खान, सुनील राजोरिया एवं समस्त चयनकर्ताओं को एक अच्छी टीम बनाने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर चम्बल डिवीजन के सभी सदस्यों के साथ-साथ सह सचिव राजकुमार गुर्जर एवं सह सचिव रविन्द्र तिवारी ने भी टीम को बधाई दी है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### छह सप्ताह तक खेल से बाहर रहेंगे कश्यप

**नई दिल्ली ।** बैडमिंटन खिलाड़ी पारूपल्ली कश्यप पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अगले छह सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे। कश्यप ने कहा है कि अब अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम की फिर से समीक्षा करनी होगी। उन्हें पिछले महीने हैदराबाद में अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट के दौरान पिंडली की मांसपेशियों में ग्रेड 1 की चोट लगी थी। कश्यप ने कहा कि मैं हैदराबाद ओपन में खेला था और पहले दौर में ही चोटिल हो गया था। अब मुझे लगता है कि तब मैं मैच के लिए पूरी तरह से फिट नहीं था। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हुआ, शायद यह उम्र की वजह से पर अब मुझे लगता है कि मुझे अपने प्रक्षिक्षण का फिर से आंकलन करना होगा। चोटिल होने के कारण कश्यप अब इंडिया ओपन सुपर 500 सहित देश में होने वाले तीन टूर्नामेंटों में भाग नहीं ले पायेंगे। इससे निराश इस खिलाड़ी ने कहा है कि उन्हे ग्रेड एक की चोट लगी है इसलिए वह 6 हफ्तों तक खेल से बाहर रहेंगे।

### फीफा के सर्वश्रेष्ठ कोच की दौड़ में गार्डियोला,टचेल और मंचिनी शामिल

**ज्यूरिख ।** विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने साल वर्ष 2021 के सर्वश्रेष्ठ कोच के पुरस्कार के लिए मैनचेस्टर सिटी के कोच पेप गार्डियोला और चेलसी के थॉमस टचेल को नामांकित किया है। कोच गार्डियोला के मार्गदर्शन में मैनचेस्टर सिटी ने पिछले सत्र में तीसरा प्रीमियर लीग खिताब जीता था हालांकि वह यूरोपीय खिताब नहीं जीत सके थे। गार्डियेला और टचेल के अलावा इटली को यूरोपीय चैम्पियनशिप खिताब दिलाने वाले कोच रॉबर्टो मंचिनी भी पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग में चैम्पियंस लीग विजेता बार्सीलोना के कोच लुईस कोर्टेस, चेलसी की एम्मा हायेस और नीदरलैंड की पूर्व कोच तथा इंग्लैंड की मौजूदा कोच सरीना वीगमैन भी पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। इन पुरस्कारों के लिए राष्ट्रीय टीमों के कोच और कप्तान, विशेषज्ञ मीडिया और प्रशंसक फीफा की वेबसाइट पर वोट करेंगे। इसमें विजेताओं की घोषणा 17 जनवरी को होगी।

### वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के नये मुख्य चयनकर्ता बने हेंस

**जमैका ।** वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने दिगज सलामी बल्लेबाज रहे डेसमंड हेंस को टीम का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया है। हेंस के पास अब दो टी-20 विश्व कप और एक 50 ओवर विश्व कप के लिए टीम चयन का अवसर रहेगा क्योंकि वह 30 जून 2024 तक इस पद पर रहेंगे। हेंस ने पद संभालते हुए कहा कि वह हमेशा से ही वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम की सेवा करना चाहते थे और जब जबकि उन्हें यह मौका मिला है वह पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। हेंस ने वेस्टइंडीज की ओर से 80 और 90 के दशक में 16 साल तक 116 टेस्ट और 238 वनडे खेले हैं। इन दोनों फॉर्मेट को मिलाकर उनके नाम कुल 35 शतक हैं। हेंस को रोजर हार्पर की जगह मुख्य चयनकर्ता बनाया गया है। 65 वर्षीय डेसमंड हेंस ने मुख्य चयनकर्ता बनने पर कहा, मैं वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रिकी स्केरिट और क्रिकेट वेस्टइंडीज के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का आभार व्यक्त करता हूं। चयनकर्ता होना क्रिकेट में एक थैंकलेस जॉब है पर यह आपको गर्व की अनुभूति भी कराता है। वहीं स्केरिट ने हेंस के बोर्ड के साथ जुडने़ पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हेंस जैसे महान खिलाड़ी के होने से टीम को लाभ होगा।



### खतरे में वेस्टइंडीज का भारत दौरा

## कोरोना के चलते सीरीज को रिशेड्यूल कर सकता है BCCI

मुंबई। भारत में एक बार फिर से कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोरोना की तीसरी लहर का असर भारतीय क्रिकेट पर भी देखने को मिल रहा है। अगले महीने फरवरी में वेस्टइंडीज को 3 वनडे और इतने ही टी-20 मैचों की सीरीज के लिए भारत के दौरे पर आना है। तय शेड्यूल के मुताबिक, सीरीज के सभी मुकाबले अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। जिसको लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का सिरदर्द बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानी जाए तो कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए BCCI ये सीरीज एक या दो वेन्यू पर ही आयोजित कराने के बारे में विचार कर रहा हैं।

BCCI के सूत्रों की मानी जाए, तो भारतीय क्रिकेट बोर्ड इस सीरीज को रिशेड्यूल करने का विचार कर रहा है। कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए वेस्टइंडीज के भारत दौरे के सभी 6 मुकाबले एक या दो वेन्यू पर ही कराए जा सकते हैं। एक या दो वेन्यू पर पूरी सीरीज कराने से दोनों टीमों के खिलाड़ियों को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत बायो-बबल बनाया जा सकेगा। बोर्ड के एक अधिकारी ने अपने बयान में कहा है कि इस सीरीज को लेकर चीजें अभी से काफी मुश्किल नजर आ रही है। फरवरी में अगर कोरोना की तीसरी लहर का पीक दौर भी आया, तो हम तैयार रहेंगे। सभी 6 मैच अलग वेन्यू पर कराना भारी पड़ सकता है।

## तीसरे टेस्ट के लिए अंतिम ग्यारह में बदलाव करे भारतीय टीमः गंभीर

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मानना है कि भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जनवरी से शुरु हो रहे तीसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम ग्यारह में बदलाव करने होंगे। गंभीर के अनुसार बल्लेबाज हनुमा विहारी को इस मैच में खेलने का अवसर देना चाहिये। गंभीर ने कहा है इस मैच में फार्म से बाहर चल रहे बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे को शामिल नहीं करना चाहिये। उनकी जगह पर कप्तान विराट कोहली को उतारा जाना चाहिये जबकि नंबर 5 पर हनुमा विहारी ठीक है। विहारी ने दूसरे टेस्ट में अच्छी बल्लेबाजी की थी हालांकि उन्होंने कुल 60 रन पर दूसरी पारी में उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी। गंभीर ने कहा हनुमा विहारी ने किस तरह बल्लेबाजी की यह भी अहम है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट केवल आंकड़ों का खेल नहीं है। वहां जिस जगह पर वह खेलने गया था वहां काफी दबाव था। उसके बाद भी उसने नियंत्रण से बल्लेबाजी की। मैं निश्चित रूप से नंबर 5 पर हनुमा को उतारने के पक्ष में हूं। वहीं रहाणे की जगह कोहली को उतारा जाना चाहिये। गंभीर ने साथ ही कहा कि अगर तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज फिट नहीं हैं तो टीम में उमेश यादव को शामिल किया जाये क्योंकि उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया था।



## अंकुर भट्टाचार्य व तनीशा कोटेचा बने राष्ट्रीय यूथ टेबल टेनिस चैंपियन

इन्दौर । मप्र टेबल टेनिस संगठन तथा टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप (सेन्ट्रल ज़ोन) के अभय प्रशाल में खेले गए रोचक फायनल में पश्चिम बंगाल के अंकुर भट्टाचार्य ने के.एल. आकाश (कर्नाटक) को 4-1 से हराकर अंडर-17 यूथ वर्ग की एकल ट्रॉफी जीती। यह उनका दूसरा राष्ट्रीय खिताब है। वहीं महाराष्ट्र की गैर वरीयता प्राप्त तनीशा कोटेचा ने अपने ही राज्य की प्रीथा वर्तीकर को 4-1 से शिकस्त देकर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीता। शुक्रवार को खेले गए अंडर-17 बालक एकल फायनल में अंकुर भट्टाचार्य ने के.एल. आकाश को 11-5, 11-7, 7-11, 11-4, 11-6 से शिकस्त देकर खि?ताबी सफलता अर्जित की। इसके पूर्व सेमीफायनल में के.एल. आकाश ने रोहित शंकर (कर्नाटक) को 8-11, 9-11, 11-4, 11-1, 11-13, 11-8, 11-8 से तथा अंकुर भट्टाचार्य ने सार्थ मिश्रा (यूपी) को 11-5, 11-5, 11-3, 11-7 से हराया था। इसी प्रकार यूथ गर्ल्स अंडर-17 फाइनल में तनीशा कोटेचा ने प्रीथा वर्तीकर को 13-11, 7-11, 11-9, 11-6, 11-6 से शिकस्त देकर खिताबी सफलता अर्जित की। इसके पूर्व सेमीफ़ाइनल में तनीषा कोटेचा ने जेनिफर वर्गीस (महाराष्ट्र) को 11-6, 11-6, 9-11, 11-5, 12-10 से, प्रीथा वर्तिकर ने काव्याश्री भास्कर (तमिलनाडु) को 7-11, 8-11, 7-11, 11-9, 11-3, 13-11, 12-10 से शिकस्त दी। विजेता-उपविजेता खिलाड़ियों को 1.15 लाख रूपये की नगद ईनामी राशि एवं आकर्षक ट्राफी प्रदान की गई। स्पर्धा का समापन व पुरस्कार वितरण भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता केरल टेबल टेनिस संगठन के अध्यक्ष एन.गणेशन ने की। इस अवसर पर मप्र टेबल टेनिस संगठन के महासचिव जयेश आचार्य, अतुल दुबे, प्रमोद गंगराडे, भरत शर्मा, नीलेश वेद विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। संचालन गौरव पटेल ने किया व आभार अमित कोटिया ने माना।

## व्यापारन्यूज

### एपल के सीईओ का वेतन 570 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली ।** दुनिया की प्रमुख कंपनी एपल के सीईओ टिम कुक को पिछले साल करीब 10 करोड़ डॉलर यानी करीब 7 अरब 44 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया जो 2020 की तुलना में 570 फीसदी अधिक है। रेग्युलेटरी फाइलिंग में यह बात सामने आई है। एपल दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी है जिसका मार्केट कैप तीन ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। यह भारत की जीडीपी से ज्यादा है। 61 साल के कुक ने साल 2011 में आईफोन बनाने वाली कंपनी एपल की कमान संभाली थी। उससे पहले कंपनी के फाउंडर स्टीव जॉब्स सीईओ थे। पिछले साल सितंबर, 2021 तक उन्हें कुल 9.87 करोड़ डॉलर का कंपनसेशन मिला जबकि 2020 में उन्हें केवल 1.47 करोड़ डॉलर मिले थे। 2021 में कंपनी के शेयरों में उछाल से कुक को 8.23 करोड़ डॉलर का स्टॉक अवॉर्ड बोनस मिला। उनकी बेस सैलरी 30 लाख डॉलर थी। साथ ही उन्हें कंपनी के फाइनेंशियल और एनवायरमेंटल सस्टेनिबिलिटी गोल्स को हासिल करने पर 1.2 करोड़ डॉलर का बोनस भी मिला। कंपनी के मार्केट कैप तीन ट्रिलियन डॉलर पहुंचने से कुक के खाते में 75 करोड़ डॉलर के शेयर भी आए। अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एईसी) को दी गई जानकारी के मुताबिक सैलरी एपल के औसत कर्मचारी से 1447 गुना अधिक थी। पिछले साल कंपनी की औसत सैलरी 68,254 डॉलर रही।

### पिछले वर्ष 2220 सौदे हुए, जुटाए 115 अरब डॉलर

**मुंबई ।** पिछला वर्ष 2021 कारोबारी सौदों के लिए बेहतर साबित हुआ और इस दौरान कुल 115 अरब अमेरिकी डॉलर के 2,224 से अधिक सौदे हुए। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह साल सौदों के कुल मूल्य और कुल संख्या, दोनों लिहाज से नंबर वन पर रहा। इससे पिछले साल 2020 में कुल 37 अरब डॉलर के 867 सौदे हुए थे। ग्रांट थॉर्नटन के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) के 499 सौदे हुए। इनकी कुल राशि 42.9 अरब डॉलर थी। इसके अलावा 48.2 अरब डॉलर के 1,624 निजी इक्विटी सौदे और 23.9 अरब अमेरिकी डॉलर के 101 आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) और क्यूआईपी (पात्र संस्थागत नियोजन) थे। सिर्फ आईपीओ से रिकॉर्ड 17.7 अरब डॉलर जुटाए गए। बीते साल बड़े सौदों के लिहाज से भी नया रिकॉर्ड बना और 14 सौदे एक-एक अरब डॉलर से अधिक के थे। जबकि 15 सौदे 50 करोड़ डॉलर से 99.9 करोड़ डॉलर के बीच थे। इसके अलावा 135 सौदे 10 करोड़ डॉलर से 49.9 करोड़ डॉलर के बीच थे। रिपोर्ट में कहा गया कि बड़े सौदे संख्या के लिहाज से सिर्फ आठ प्रतिशत थे, लेकिन इनसे 80 प्रतिशत राशि प्राप्त हुई।

### श्रीलंका भारत से ईंधन ऋण सहायता लेगा

**नई दिल्ली ।** श्रीलंका भारत से 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर की ईंधन ऋण सहायता लेने पर विचार कर रहा है। जानकारी के मुता?बिक दोनों देशों के बीच तेल टैंक सौदे पर हस्ताक्षर के बाद ऊर्जा सहयोग बढ़ने के बीच पड़ोसी देश भारत से ऋण सहायता हासिल करने की संभावनाएं तलाश रहा है। पड़ोसी देश ने हाल ही में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की श्रीलंका शाखा (एलआईओसी), सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) और दोनों कंपनियों के संयुक्त उद्यम के साथ त्रिंकोमाली में लगभग 75 तेल टैंकों के पुनर्विकास के लिए एक समझौते पर हस्तक्षार किए थे। इस बीच श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री उदय गमनपिला ने कहा था कि उनका देश जनवरी के तीसरे सप्ताह में ईंधन संकट का सामना कर सकता है।

### नैहाटी जूट मिलें बंद

**कोलकाता ।** नैहाटी जूट मिल कंपनी लिमिटेड ने कच्चे माल की कमी और मिल में श्रमिकों के हंगामे का हवाला देते हुए काम बंद करने की घोषणा की है। इस फैसले से उत्तर 24 परगना जिले में स्थित मिल में काम करने वाले करीब 4,000 श्रमिक प्रभावित होंगे। पिछले 12 महीनों में कच्चे माल की कमी के कारण दर्जन भर जूट मिलें बंद हो चुकी हैं और इस कारण करीब 30 से 40 हजार श्रमिक बेरोजगार हो गए हैं। मिल प्रबंधन का कहना है कि काम की स्थिति में सुधार होने तक काम बंद रखने का नोटिस जारी किया गया है।

### बेंगलुरू स्टार्टअप ने ढूंडा तरीका

## जमीन की तरह समुद्र में खेती करने की तैयारी

नई दिल्ली । समुद्र में पौधों से मिलने वाले बहुत से पदार्थ और एलगी का इस्तेमाल अभी तक फ्लेवर सूप और खाने-पीने की चीजों के लिए होता था, लेकिन कॉस्मेटिक से लेकर टेक्सटाइल और बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग के साथ बायोफ्यूल तक सीवीड से बनाए जा सकते हैं। सीवीड के नाम से जाने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कई तरीके से होता है। आमतौर पर सीवीड को समुद्री सिवार या शैवाल कहा जाता है। यूरोप और अमेरिका आदि में सी वीड गार्डेनिंग में काफी समय से इस्तेमाल हो रहा है। भारत में भी अब इसका प्रयोग बढ़ रहा है। आमतौर पर सी वीड या शैवाल समुद्र पर फैलाई गई रस्सी या जाल पर उगाई जाती है। इस तरीके से बहुत बड़े पैमाने पर शैवाल की खेती करना तकरीबन नामुमकिन है।

बेंगलुरु के स्टार्टअप ने समुद्र में खेती करने का नया तरीका ढूंढ लिया है। बेंगलुरु की सी सिक्स एनर्जी के अधिकारी ने कहा कि समुद्र की सतह पर खेती करने के कई नए तरीके विकसित हो सकते हैं, जिससे बड़ी मात्रा में उपयोगी पदार्थ उगाए जा सकते हैं। बेंगलुरु का स्टार्ट अप जमीन पर ट्रैक्टर की मदद से की जाने वाली खेती की तरह समुद्र में भी फार्मिंग करना चाहता है।इसके लिए इन्होंने सी कंबाइन तैयार किया है। सी कंबाइन वास्तव में ऑटोमेटेड कैटामारन है जो समुद्र से सी वीड की कटाई करता है, उनकी जगह दोबारा नए पौधे रोप देता है। यह मशीन वास्तव में सीवीड को एक लाइन से काटता चला जाता है। पूरी तरह विकसित हो चुके प्लांट को काटने और उसकी जगह नए बीज या पौधे लगाने का काम यह बहुत अच्छे से करता है।कंपनी के सीवीड फार्म को इनदिनों इंडोनेशिया के समुद्री तट पर देखा जा सकता है। इंडोनेशिया में ग्रामीण इलाके के लोग परंपरागत तरीके से सीवीड की खेती करते रहे हैं। वहां सीवीड की खपत भी बहुत अधिक है। नई तकनीक और बड़े बाजार की वजह से कंपनी और अधिक सी कंबाइन खरीद कर भारत में भी सीवीड की खेती करना चाहती है।

## श्रीलंका ने चीनी कंपनी को 69 लाख डॉलर का भुगतान किया

**कोलंबो ।** श्रीलंका के एक शीर्ष सरकारी बैंक ने चीनी कंपनी के साथ उसके उर्वरक खेप पर लंबे समय से चल रहे विवाद को निपटाने के लिए 69 लाख डॉलर का भुगतान कर दिया। श्रीलंका के इसे दूषित पाए जाने के बाद चीन से आयातित खेप को लेने से इनकार कर दिया था। कोलंबो वाणिज्यिक उच्च न्यायालय द्वारा आयातित उर्वरक के लिए किंगदाओ सीविन बायोटेक को भुगतान पर रोक के आदेश को खारिज करने के बाद यह घोषणा हुई है। चीनी कंपनी और श्रीलंका सरकार के बीच इस मुद्दे पर समझौते के बाद पूर्व आदेश को खारिज किया गया। सरकारी स्वामित्व वाली सीलोन फर्टिलाइजर कंपनी ने जैविक उर्वरक के आयात पर चीनी कंपनी को भुगतान को रोकने के लिए अदालत से आदेश हासिल कर लिया था।

## 100 ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने वर्ष 2022-23 के लिए पेश किए गए बजट में डीजल और पेट्रोल से चलने वाले यात्री वाहनों की खरीद पर रोक लगाने और अपने क्षेत्र में 100 से अधिक ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा एनडीएमसी अपनी सभी सेवाओं के लिए सामान्य भुगतान पोर्टल और स्मार्ट बस शेल्टर परियोजनाओं पर भी काम करेगा। नगर निकाय के प्रमुख धर्मेंद्र ने अपने बजट भाषण में कहा कि एनडीएमसी प्रदूषण को कम करने के उपायों में अग्रणी है और हमने पेट्रोल या डीजल से चलने वाले यात्री वाहनों की खरीद को रोकने का संकल्प लिया है। भविष्य में बिजली से चलने वाले वाहनों को खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी ने पहले ही अपने क्षेत्र में साठ से अधिक ई-चार्जिंग स्टेशन शुरू कर दिए हैं और इस वर्ष 100 से अधिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है। एनडीएमसी ने सौ फीसदी नवीकरणीय ऊर्जा में अंतरण की अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि उसने तापीय उर्जा उत्पादन स्टेशनों के साथ अपने बिजली खरीद समझौते की समाप्ति के बाद नवीनीकृत नहीं किया है।

## पांच फीसदी महंगा हुआ क्रूड ऑयल

**मुंबई ।** क्रूड ऑयल की कीमत में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल के दाम साल के पहले सप्ताह में पांच फीसदी तक बढ़ चुके हैं। वैसे शुक्रवार को बाजार बंद होने से पहले ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम 82 डॉलर से नीचे आ गए हैं। गौरतलब है कि 2021 में क्रूड ऑयल की कीमत में 50 फीसदी से ज्यादा का इजाफा देखने को मिला था। आईओसीएल के अनुसार देश के चारों महानगरों में पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रति लीटर पर हैं। वहीं दूसरी ओर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमशः 104.67 रुपए, 109.98 रुपए और 101.40 रुपए प्रति लीटर हैं।

## डीएलएफ की लग्जरी आवासीय परियोजना शुरू होगी

**नई दिल्ली।** रियल्टी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ ने नई दिल्ली में एक लग्जरी आवासीय परियोजना शुरू करने की घोषणा की। डीएलएफ वन मिडटाउन नाम की इस लग्जरी परियोजना में 913 इकाइयों की पेशकश करेगी और इसमें आवासीय इकाई की शुरुआती कीमत तीन करोड़ रुपए होगी। डीएलएफ इसका विकास सिंगापुर सरकारी संपत्ति कोष जीआईसी के साथ मिलकर कर रही है।

## बजाज ऑटो ने एक साल में बेच डाले 25 लाख वाहन

**नई दिल्ली ।** ऑटोमोबाइल सेक्टर की स्वदेशी कंपनी बजाज ऑटो ने साल 2021 में 25 लाख से ज्यादा वाहन निर्यात किए। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 30 फीसदी अधिक है। साल 2021 में दोपहिया निर्यात 22 लाख के आंकड़े को पार कर गया। वहीं, इस दौरान तीन पहिया और क्वाड्रिसाइकिल वाहनों का निर्यात 3 लाख के आंकड़े को पार कर गया। दोपहिया वाहनों की कैटेगरी में 125 सीसी से अधिक सीसी वाले वाहनो का 41 फीसदी का योगदान रहा।

बजाज की अग्रणी स्पोर्ट्स दोपहिया ब्रांड पल्सर का कोलंबिया, मेक्सिको, आर्जेन्टिना, ग्वाटेमाला, पेरू, तुर्की , बांगलादेश, नेपाल और मिस्त्र जैसे देशो में शानदार प्रदर्शन जारी है। नए डोमीनार 250 सीसी की अच्छी मांग के चलते इसके निर्यात में 49 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। वही, इस ब्रांड ने डोमीनार 250 के लांच से, 250 ङ्क 400 सीसी स्पोर्ट्स दोपहिया श्रेणी में कोलंबिया, मेक्सिको, आर्जेन्टिना, ग्वाटेमाला के साथ तुर्की जैसे देशों मे अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। बजाज बाक्सर ने भी इस साल अबतक की सबसे ज्यादा निर्यात दर्ज करते हुए नायजेरिया, युगांडा और डेमोक्रॅटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो इन आफ्रिकन देशों में 40 प्रतिशत का मार्केट शेयर हासिल कर लिया है। इस प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए राकेश शर्मा कार्यकारी निदेशक, बजाज ऑटो लिमिटेड,ने कहा, लगातार मजबूत निर्यात प्रदर्शन कई वैश्विक बाजारों में बजाज ऑटो के नेतृत्व की स्थिति, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के निर्माण के लिए कई सालों की प्रतिबद्धता और टीम की तरफ से शानदार काम का नतीजा है।



# शक्कर कारखाना कैलारस कांग्रेस सरकार की देन, उसे बचाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगेः भानु प्रताप



**मुरैना।** जिले का एकमात्र शक्कर कारखाना कैलारस जिसे सहकारी स्तर पर किसानों को शेयर होल्डर बना निर्वतमान कांग्रेस सरकार ने ग्वालियर चंबल अंचल की समृद्धि के लिए स्थापित किया था, जो आज बिकने की कगार पर है और उसके परिसमापन की तैयारी चल रही है। जब इस संबंध में हमारे संवाददाता द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जौरा भानु प्रताप सिंह सिकरवार से बात की तो उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान किया जा सके। इसको लेकर निर्वतमान कांग्रेस सरकार ने ग्वालियर चंबल अंचल के कैलारस में शक्कर कारखाना स्थापित किया था।

उन्होंने कहा कि शक्कर कारखाना स्थापित होने के बाद ग्वालियर चंबल अंचल के 50 हजार के करीब परिवार गन्ने की खेती किया करते थे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार भी हुआ, इतना ही नहीं करीब 1500 मजदूर भी शक्कर कारखाने में कार्यरत थे, जिससे कैलारस के बाजार की रौनक तो थी ही, मुरैना-ग्वालियर के बाजार भी गुलजार रहते थे। कैलारस शक्कर कारखाने की शक्कर की मिठास की गूंज पुरे देश में बनी हुई थी, लेकिन विगत 15 वर्षों से शक्कर कारखाना बंद होकर आज बिकने की कगार पर है। वर्तमान बीजेपी सरकार की ऐसी मंशा है कि शक्कर कारखाने से लगी बेशकीमती जमीन को कोडियो के दाम पर बेचकर अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाया जा सके, तभी तो उन्होंने कारखाने के परिसमापन की कीमत मात्र 85 करोड आंकी है, जबकि शक्कर कारखाना कैंपस की जमीन की कीमत करीब 500 से 700 करोड़ रुपए है। यदि सरकार चाहे तो कैलारस के शक्कर कारखाने को फिर से शुरू किया जा सकता है। सरकार कैंपस में प्लॉटिंग करवा कर 85 करोड़ से ज्यादा की रकम वसूल सकती है और उस पैसे से शक्कर कारखाने की देनदारी खत्म की जा कर उसे पुनः चालू कराया जा सकता है, लेकिन सरकार की ऐसी मंशा नहीं है। सरकार चाहती है कि इसे देखकर अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाया जाए, पर मैं यह कहना चाहता हूं कि निर्वतमान कांग्रेस सरकार की देन शक्कर कारखाना कैलारस को किसी भी सूरत पर बिकने नहीं दिया जाएगा। उनका कहना है शक्कर कारखाना को पुनः चालू किया जाए, उसे किसी भी हाल में ना बेचा जाए। पूर्व में भी शक्कर कारखाने को बचाने को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन किया है और आगे भी कांग्रेस पार्टी के बैनर तले हम एक विशाल आंदोलन खड़ा करेंगे और शक्कर कारखाना कैलारस को बिकने से बचाने का हर संभव प्रयास करेंगे।



## शक्कर कारखाना बचाने के लिए जनता का सांझा प्रतिरोध

### -मानव श्रृंखला बनाकर भेजा मुख्यमंत्री के नाम खुला पत्र

**कैलारस।** जिले के एक मात्र सबसे बडे उद्योग सहकारी शक्कर मिल कैलारस को मध्य प्रदेश सरकार ओने-पौने दामों पर विक्रय कर रही है। खुद मुख्यमंत्री ने 2018 के विधानसभा चुनाव में, 2019 के लोकसभा चुनाव में तथा स्थानीय विधायक के कार्यक्रम में शक्कर कारखाने को चलाने का किसानों से व क्षेत्र की जनता से वायदा किया था। उन्हीं के दल के एक और नेता ज्योतिराज सिंधिया ने भी जौरा की आमसभा में कारखाने को चलाने का वायदा किया। लेकिन अब सरकार वायदे से मुकर रही है और कारखाने को 10 साल से बंद कर कोडियों के मोल बेच रही है। सरकार कारखाने का समस्त मटेरियल मात्र 2 करोड़ 80 लाख रुपए आफसेट प्राइज पर किया जा रहा है। जिसका आम जनता ने कड़ा प्रतिवाद किया है और शक्कर कारखाने में मानव श्रृंखला बनाकर मुख्यमंत्री के नाम उनके वायदों को याद दिलाते हुए खुला पत्र भेजा है। कार्यवाही का नेतृत्व मध्य प्रदेश किसान सभा और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता अशोक तिवारी, गयाराम सिंह धाकड़, जिला सचिव माकपा महेश प्रजापति, बृजमोहन मरैया प्रदेश महासचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी, साबिर पठान, नरहरी शर्मा, रफीक शेख, अजय माहौरिया, माखन शाक्य अध्यक्ष किसान कांग्रेस, विवेक शर्मा, इसाक मोहम्मद, राम लखन धाकड़, राजवीर सिंह धाकड़, गौतम बौद्ध आजाद समाज पार्टी विधानसभा अध्यक्ष, कालीचरण जोनवार शहर अध्यक्ष कैलारस, जयपाल जरारिया विधानसभा उपाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी, दिलीप शाक्य आजाद समाज पार्टी आदि ने किया।

## चावला बूट हाउस पर फायरिंग करने वाले दो आरोपी चार दिन बाद पकड़े

**मुरैना।** मंगलवार की शाम हनुमान चौराहा स्थित चावला बूट हाउस पर दुकान में घुसकर मारपीट कर फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को कट्टा सहित कोतवाली पुलिस ने चार दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। गत मंगलवार को चावला बूट हाउस पर एवं बुधवार को सीताराम गजक भंडार पर फायरिंग की घटनाओं के बाद मुरैना पुलिस की जो किरकिरी हुई उसके बाद पुलिस अधिकारी कर्मचारी हरकत में आ गए और हमलावरों को तलाशने में जुट गए। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के नेतृत्व में सिटी कोतवाल शैलेंद्र गोविल ने इसे चुनौती के रूप में लिया। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से शुक्रवार की देर शाम पार का पुरा मौजा दौरावली थाना नूराबाद से दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि घटना से एक दिन पूर्व चावला बूट हाउस पर सुनील चावला से लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था, उसी पर से इस घटना को अंजाम दिया। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा 315 बोर 1 जिंदा राउंड तथा हॉकी बरामद कर मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने चावला बूट हाउस के हमलावर को ट्रेस कर लिया है लेकिन सीताराम गजक भंडार पर हुई फायरिंग में स्टेशन थाना पुलिस द्वारा अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है।

## टेकचंद स्कूल में वैक्सीन अभियान में शामिल हुए विधायक



**अम्बाह।** शनिवार को टेकचंद स्कूल अम्बाह में आयोजित वेक्सिनेशन अभियान में विधायक कमलेश जाटव भी उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय परिसर में ही छात्र-छात्राओं को वेक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, एवं विद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विधायक कमलेश जाटव ने इस मौके पर मौजूद छात्र-छात्राओं से वेक्सीन लगवाने की अपील की, इसके साथ ही अपने आसपास रहने वाले छात्र-छात्राओं को भी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने को कहा।

# जिले में जबरदस्त बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से मासूम बच्चे की मौत



**मुरैना।** जिले में 2 दिन से हो रही बारिश थम नहीं रही है और शनिवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने के साथ-साथ जबरदस्त बारिश हुई जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया एवं जगह जगह जलभराव हो गया। इधर आकाशीय बिजली गिरने से बच्चों के साथ खेत में क्रिकेट खेल रहे मासूम दिव्यांश की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दिव्यांश पुत्र महेंद्र करन निवासी छोंदा गांव बच्चों के साथ घर के पीछे खेतों में क्रिकेट खेल रहा था, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से मासूम बच्चा खेत मे गिर पडा, क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने दिव्यांश के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मोके पर पहुंचे और दिव्यांश को गंभीर अवस्था में मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल लेकर पहुँचे। जहाँ डॉक्टर ने मासूम बच्चे को चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं मासूम बच्चे के शव को पीएम हाउस भिजवा दिया हैं। परिजनों का कहना हैं कि जब मौके पर जाकर देखा तो बेटा दिव्यांश खेत में सिर के बल गिरा पड़ा हुआ था, गंभीर अवस्था में मासूम बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। वहीं डॉक्टर ने मृतक के शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है। गौरतलब है कि जिले में पिछले 3 दिन से मौसम खराब है और लगातार रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे सभी जगह जलभराव हो गया है एवं आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शनिवार की दोपहर को जबरदस्त बारिश होने से लोग हतप्रभ थे, इसके साथ ही बादल जिस तरीके से गरज रहे थे, उससे लोग घबरा गए। बारिश थमते ही तेज ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिसने तापमान को अधिक गिरा दिया है और लोग गर्म कपड़ों के साथ-साथ अलाव का सहारा ले रहे हैं।

# बड़ापुरा उसेद की रामलीला में हुआ राम-रावण युद्ध



**अम्बाह।** बड़ापुरा उसैथ में चल रही रामलीला अंतिम चरण में पहुंच गई है। शनिवार को यहां रावण वध की लीला का मंचन किया गया, इससे पूर्व लक्ष्मण एवं मेघनाथ संवाद दर्शकों के लिये प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना रहा। रावण का अभिनय जिला पंचायत के पूर्व सदस्य शिवाकर सिंह तोमर ने किया। रामलीला के बीचों-बीच में पंडाल में मौजूद दर्शक भगवान जय श्रीराम का उद्घोष कर रहे थे। उसैद के बडापुरा गांव में ग्रामीणों के आपसी सहयोग से इस रामलीला का मंचन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय कलाकार भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान, रावण, मेघनाद और अन्य पात्रों की भूमिका अदा कर रहे हैं। शनिवार को रामलीला मंच पर मेघनाथ वध के दृश्य का मंचन किया गया। रामलीला में मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच हुए संवाद के बाद युद्ध का शंखनाद होता है, यह देख पंडाल में मौजूद लोग भगवान जय श्री राम के जयकारे लगाने लगते हैं। लक्ष्मण के हाथों मेघनाथ का वध होता है, इसके उपरांत रावण की सेना में निराशा छा जाती है। अंत में रावण और राम का युद्ध होता है और रावण युद्ध के दौरान मैदान में उतर जाता हैं। इसके बाद भगवान राम और रावण के बीच लंबा युद्ध चलता है।

# भाजपा पश्चिम मंडल की बूथ विस्तारक योजना बैठक संपन्न



**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पश्चिम की बूथ विस्तारक योजना की बैठक मुरैना बिधानसभा कार्यालय रेस्ट हाउस के पीछे आयोजित की गई, जिसमें मंडल विस्तारक भाजपा जिला मंत्री रामरूप तोमर पोरसा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता द्वारा की गई व कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दिनेश शर्मा द्वारा किया गया। श्री तोमर ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताव्दी वर्ष संगठन पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके क्रम में 21 जनवरी से 30 जनवरी तक व्यापक रूप से मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान चलाया जावेगा। उन्होंने कहा कि श्री ठाकरे द्वारा जिस प्रकार पार्टी को इतनी ऊंचाई पर बढाया है उसी प्रकार हम कार्यकर्ताओं को सतत बढाने के लिए प्रत्येक मतदान पर विस्तारक, प्रबंधक, सहप्रभारी आई टी सेल के माध्यम से प्रयास कर मेरा बूथ सबसे मजबूत करने के लिए 10 दिन का पार्टी के लिए समर्पित भाव से देना होगा। श्री तोमर ने कहा कि आगामी समय में इनका प्रशिक्षण कर बूथ स्तर पर भेजा जाएगा, जिसमे मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष माला सिंह, मनोज शर्मा, चंद्रप्रकाश शिवहरे, सुरेश शर्मा गुढा, के डी डंडोतिया, रवि सोनी, मीना गुर्जर, मीना भदौरिया, गुडडी खटीक, विवेक मिश्रा, शैलेश श्रीवास आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा दक्षिण मंडल की कामकाजी बैठक संपन्न



**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल मुरैना की नगर केंद्र विस्तारकों, एवं पदाधिकारियों की आवश्यक कामकाजी बैठक रघुराज कंसाना के जनसंपर्क कार्यालय रेस्ट हाउस मुरैना पर आयोजित की गई। बैठक में पार्टी की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर प्रभारी टीम बनाने हेतु चर्चा की गई बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में मंडल विस्तारक पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजकिशोर डंडोतिया रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से नगर केंद्रों पर विस्तारक की सूची तैयार की गई एवं विस्तारकों को अपन-अपने नगर केंद्रों पर जाने हेतु तिथि एवं प्रबंधकों के साथ समन्वय कर बैठक में मतदान केंद समिति की रचना सहित अन्य संगठनात्मक विषयो पर कार्य हेतु रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनरेश शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष उर्दू अकादमी जाफर बेग, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अनु जाति मोर्चा यशवंत वर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा मीना सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा मयंक शर्मा, जिला सहसोशल मीडिया प्रभारी सोनेराम प्रजापति प्रमुख रूप से उपस्थिति रहे। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री दिनेश सिंघल एवं आभार मण्डल उपाध्यक्ष डॉ योगेंद मावई ने किया।

# 15 लाख के गांजे के साथ दो आरोपियों को गाडी सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुरैना।** शनिवार की सुबह नूराबाद थाना पुलिस ने हरियाणा से ग्वालियर की ओर एक कार में भरकर ले जाए जा रहे गांजे को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद गांजे की कीमत 15 लाख रुपए बताई गई है, पुलिस द्वारा कार को भी जप्त कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में नूराबाद थाना प्रभारी आरती चराटे ने मुखबिर की सूचना से 15 लाख 24 हजार रुपए का गांजा और 6 लाख रुपए की गाड़ी सहित कुल 21 लाख 24 हजार रुपए का माल बरामद करने में में सफलता हासिल की है। नूराबाद थाना प्रभारी आरती चराटे को मुखबिर द्वारा सूचना मिली करुआ मोड़ के पास हाईवे पर एक कोरोला अल्टिस कार सोनीपत हरियाणा से गांजा लेकर दिल्ली की तरफ जा रही है। थाना प्रभारी ने मुखबिर की सूचना से घेराबंदी करते हुए कोरोला अल्टिस कार को रोककर तलाशी ली तो कार की सीट के नीचे पैकेट में बंद गांजा रखा हुआ था। पेकिटों में करीब 101 किलो 800 ग्राम गांजा रखा हुआ था। पुलिस ने गांजे के साथ दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी सोनीपत हरियाणा के बताए जा रहे हैं।

# ब्लॉक कांग्रेस ने बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर मशाल जुलूस निकाल किया विरोध प्रदर्शन



**जौरा।** बीते कुछ समय से जौरा में अपराधों का ग्राफ बहुत ज्यादा बढ गया है। जौरा नगर में चोरी की बारदाते खुले तौर पर हो रही हैं। मुरैना जिले के जौरा नगर में आम आदमी अब असुरक्षित महसूस कर रहा है। अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं, आम आदमी की सुरक्षा से जुडे इस संवेदनशील विषय को लेकर जौरा कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह सिकरवार (चिन्टू) ने जौरा नगर की पुलिस व्यवस्था के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जौरा कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह सिकरवार के नेतृत्व में कांग्रेस जनों द्वारा शुक्रवार की शाम जौरा के तिकोनिया पार्क से थाना जौरा तक मशाल जुलूस निकाला गया। इस मशाल जुलूस में पुलिस व्यवस्था के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई और जौरा में होने वाले अपराधों के लिए पुलिस का संरक्षण होना बताया गया। कांग्रेसियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अपराध और अपराधियों की जानकारी होने के बाद भी पुलिस का मूक बना रहना जौरा की शांति व्यवस्था को बिगाड़ रहा है। जौरा नगर के आम नागरिकों व सामाजिक संगठनों व्यपारियो के साथ मिलकर कांग्रेस द्वारा निकाला गया जनाक्रोश मशाल जुलूस स्थानीय तिकोनिया पार्क से आरम्भ होकर सैकड़ो नागरिकों की उपस्थिति में नगर के मुख्य मार्ग और चौराहा होते हुए थाना जौरा के सामने संपन्न किया गया। मशाल जुलूस के दौरान कांग्रेस के अलावा अन्य समाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, व्यापारी गण सहित सैकड़ो की संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रहे। जौरा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह सिकरवार ने आरोप लगाया, कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आम नागरिकों में भय एवं असुरक्षा का माहौल हैं। भानू प्रताप सिंह ने बताया कि यह मशाल जुलूस आंदोलन की चेतावनी है। जल्द ही मुरैना एसपी कार्यालय का घेराव किया जायेगा, उस के बाद ग्वालियर और भोपाल डीजीपी तक घेराव होगा। उन्होंने कहा कि चोरी का खुलासा व जौरा नगर की कानून व्यवस्था जल्द ठीक नहीं हुई तो आंदोलन और तेज होगा।

# उम्मीदों का टीका

सोमवार को पंद्रह से अठारह साल के किशोर-किशोरियों में वैक्सीन लगाये जाने को लेकर जो उत्साह नजर आया, उससे पता चलता है कि किशोर व अभिभावक संक्रमण से बचाव को लेकर खासे फिक्रमंद थे। नये वेरिएंट के तेज होते संक्रमण में किशोरों का टीकाकरण और अन्य पाबंदियां निस्संदेह दोहरी प्रतिरक्षा प्रदान करेंगी। काफी लंबे विमर्श के बाद किशोरों का टीकाकरण आरंभ हुआ। इससे जहां कोरोना से लड़ाई को मजबूती मिलेगी, वहीं शिक्षण संस्थानों में स्थिति शीघ्र सामान्य बनाने में भी मदद मिलेगी। गत 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री ने तीन जनवरी से किशोरों के टीकाकरण व 10 जनवरी से स्वास्थ्य कर्मियों, अग्रिम मोर्चे के कार्यकर्ताओं तथा साठ साल से अधिक उम्र के लोगों को तीसरी सुरक्षा डोज देने की घोषणा की थी। ओमीक्रोन की तेज संक्रमण दर के बाद यह जरूरी हो गया था। हालांकि, देशभर में अब तक 146 करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज लगायी जा चुकी हैं, जिसमें अस्सी करोड़ से ज्यादा को पहली व साठ करोड़ से अधिक को दूसरी डोज लगायी जा चुकी है। लेकिन यह हमारे लिये चिंता की बात होनी चाहिए कि करीब चौंसठ फीसदी वयस्क आबादी को ही दोनों डोज लग पायी हैं। फिक्र यह भी कि केवल पचपन फीसदी युवा आबादी ने दोनों टीके लगवाए हैं। बहरहाल, हालिया चरण में करीब आठ से नौ करोड़ किशोर-किशोरियों को दोनों डोज लगायी जाएंगी। उन्हें भारत बायोटेक का कोवैक्सीन टीका दिया जायेगा। इस आयुवर्ग के किशोर कोविन वेबसाइट पर नामांकन दर्ज करा सकते हैं। पहले से बने परिवार के सदस्य के अकाउंट के जरिये भी टीकाकरण के लिये रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। इसके साथ ही टीकाकरण केंद्रों में भी किशोरवय पंजीकरण करवा सकते हैं। निस्संदेह, वयस्क आबादी के करीब इस आयुवर्ग को टीका दिया जाना सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आबादी संक्रमण की दृष्टि से संवेदनशील है। वहीं दूसरी डोज छह हफ्ते के अंतराल में दी जानी है। उल्लेखनीय है कि कोवैक्सीन निर्माता कंपनी भारत बायोटेक के दो वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों पर किये गये ट्रायलों के नतीजे उत्साहवर्धक रहे थे जो आयु के हिसाब से तीन वर्गों में किये गये थे, जिसमें इंजेक्शन लगने से होने वाले दर्द के अलावा कोई गंभीर नकारात्मक प्रभाव देखने में नहीं आया। कंपनी का दावा है कि वैक्सीन को ऐसे बनाया गया है कि यह वयस्कों व बच्चों में बराबर प्रभावी है। यूं तो माना जाता है कि बच्चों की इम्यूनिटी आमतौर पर बेहतर होती है, लेकिन वे संक्रमण के वाहक हो सकते हैं। लेकिन इसके बावजूद ऐसे अभिभावकों की कमी नहीं है जो बच्चों के टीकाकरण को लेकर संकोच कर रहे हैं। यह स्वाभाविक है, विगत में भी देश में बच्चों के टीकाकरण को लेकर ऐसी ऊहापोह की स्थिति देखी गई थी। बहरहाल, यह वैक्सीन उन किशोरों के लिये बेहद उपयोगी होगी, जो किसी प्रकार के गंभीर रोगों के शिकार हैं। साथ ही मोटापा आदि की समस्या से जूझ रहे हैं। हाल के दिनों में देश के बच्चों में मोटापा एक बड़ी समस्या बनकर उभरा है। वैसे देश के स्वास्थ्य विशेषज्ञ अब बारह से पंद्रह वर्ष के बच्चों को टीका लगाने की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। कुछ समय बाद देश के पास बच्चों को नाक से दी जाने वाली वैक्सीन का भी विकल्प होगा क्योंकि बड़ी संख्या में बच्चे इंजेक्शन लगाने से घबराते हैं। वैसे तो अमेरिका, यूरोप व एशिया के कई मुल्कों में छोटे बच्चों को वैक्सीन देना शुरू हो चुका है और चीन ने इसे बीते साल ही पूरा कर लिया बताया जाता है। हालांकि हर देश की परिस्थिति के हिसाब से ऐसे निर्णय लिये जाते हैं।

# बिटकॉइन की चुनौती और डिजिटल करेंसी

**भरत झुनझुनवाला**

भारतीय रिजर्व बैंक डिजिटल करेंसी जारी करने पर विचार कर रहा है। डिजिटल करेंसी हमारे नोट की तरह ही होती है। अंतर यह होता है कि यह कागज पर छपा नोट नहीं होता है बल्कि यह एक नंबर मात्र होता है जिसे आप अपने मोबाइल अथवा कम्प्यूटर पर संभाल कर रख सकते हैं। उस नंबर को किसी के साथ साझा करते ही उस नंबर में निहित रकम सहज ही दूसरे व्यक्ति के पास पहुंच जाती है। जैसे आप अपनी जेब से नोट निकाल कर दूसरे को देते हैं उसी प्रकार आप अपने मोबाइल से एक नंबर निकाल कर दूसरे को दे कर अपना पेमेंट कर सकते हैं।

डिजिटल करेंसी के पीछे क्रिप्टो करेंसी का जोर है। क्रिप्टो करेंसी का इजाद बैंकों के नियंत्रण से बाहर एक मुद्रा बनाने की चाहत को लेकर हुआ था। कुछ कंप्यूटर इंजीनियरों ने मिलकर एक कठिन पहेली बनाई और उस पहेली को उनमें से जिसने पहले हल कर लिया उसे इनाम स्वरूप एक क्रिप्टो करेंसी अथवा बिटकॉइन या एथेरियम दे दिया। उस बिटकॉइन के निर्माण का खेलने वाले सभी ने अनुमोदन कर दिया कि यह नंबर फलां व्यक्ति को दिया जाएगा। इसी प्रकार नये बिटकॉइन बनते गए और इनका बाजार में प्रचलन होने लगा।

क्रिप्टो करेंसी केंद्रीय बैंकों के नियंत्रण से पूर्णतया बाहर है। जैसे यदि गांव के लोग आपस में मिलकर एक अपनी करेंसी बना लें तो उस पर सरकार का नियंत्रण नहीं रहता है। वे आपस में पर्चे छाप कर एक-दूसरे से लेनदेन कर सकते हैं जैसे बच्चे आपस में कंचे के माध्यम से लेनदेन करते हैं। क्रिप्टो करेंसी का नाम 'इंक्रिप्टेड' से बनता है। जिस कम्प्यूटर में यह करेंसी रखी हुई है अथवा जो उस कम्प्यूटर का मालिक है उसका नाम इंक्रिप्टेड या गुप्त है। किसी को पता नहीं लग सकता है कि वह करेंसी किसके पास है। इस करेंसी को बनाने का उद्देश्य था कि सरकारी बैंकों द्वारा कभी-कभी अधिक मात्रा में नोट छाप कर बाजार में डाल दिए जाते हैं जिससे महंगाई बहुत तेजी से बढ़ती है। लोगों की सालों की गाढ़ी कमाई कुछ ही समय में शून्यप्राय॰ हो जाती है। जैसे यदि आप 100 रुपए के नोट से वर्तमान में 5 किलो गेहूं खरीद सकते हैं। महंगाई तेजी से बढ़ने के बाद उसी 100 रुपये के नोट से आप केवल 1 किलो गेहूं खरीद पायेंगे। ऐसी स्थिति वर्तमान में ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों में है। इस प्रकार की स्थिति से बचने के लिए इन इंजीनियरों ने क्रिप्टो करेंसी का आविष्कार किया, जिससे कि बैंकों द्वारा नोट अधिक छापे जाने से उनकी क्रिप्टो करेंसी की कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़े।

केंद्रीय बैंकों द्वारा क्रिप्टो करेंसी का विरोध तीन कारणों से किया जा रहा है। पहला यह कि अर्थव्यवस्था केंद्रीय बैंक के नियंत्रण से बाहर निकलने को हो जाती है। जैसे यदि देश में महंगाई अधिक हो रही है और रिजर्व बैंक ने मुद्रा के प्रचलन को कम किया तो क्रिप्टो करेंसी का चलन बढ़ सकता है और सरकार की नीति फेल हो सकती है। दूसरा विरोध यह है कि क्रिप्टो करेंसी फेल हो सकती हैं। जैसे यदि कम्प्यूटर का नंबर हैक हो जाये अथवा क्रिप्टो करेंसी बहुत बड़ी संख्या में बनाई जाने लगे तो आज जिस बिटकॉइन को आप ने एक लाख रुपये में खरीदा है, वह कल पांच हजार रुपये का हो सकता है। तीसरा विरोध यह कि क्रिप्टो करेंसी का उपयोग आपराधिक गतिविधियों को सपोर्ट करने के लिए किया जा सकता है। बीते समय में अमेरिका की एक तेल कंपनी के कम्प्यूटरों को अपराधियों ने हैक कर लिया। उन कम्प्यूटरों को वापस ठीक करने के लिए कंपनी से भारी मात्रा में रकम क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से वसूल कर ली। यद्यपि उसमें से कुछ रकम को पुलिस वापस वसूल कर सकी लेकिन बड़ी रकम आज भी वसूल नहीं हो सकी है। इसलिए अपराधियों के लिए क्रिप्टो करेंसी सुलभ हो जाती है क्योंकि वह अपनी आपराधिक गतिविधियों से अर्जित गैर-कानूनी आय को सरकारी नज़र की पहुंच के बाहर रख सकते हैं। इसलिए यदि केंद्रीय बैंक जिम्मेदार है और अर्थव्यवस्था सही चल रही है तो क्रिप्टो करेंसी उसे अस्थिर बना सकती है।

दूसरी तरफ यदि बैंक गैर-जिम्मेदार है, जैसे महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है तो क्रिप्टो करेंसी लाभप्रद हो जाती है। उस परिस्थिति में व्यापार करना कठिन हो जाता है। आज आपने किसी व्यापारी से एक बोरी गेहूं का सौदा 1,000 रुपये में किया। कल उस 1,000 रुपये की कीमत आधी रह गयी। बेचने वाले ने सौदे से इनकार कर दिया। आप यह सौदा क्रिप्टो करेंसी में करते तो यह कठिनाई नहीं आती। अतः यदि केंद्रीय बैंक द्वारा बनाई गई मुद्रा अस्थिर हो तो क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से व्यापार सुचारु रूप से चल सकता है। यदि वेनेजुएला की मुद्रा का मूल्य तेजी से गिर रहा है तो वहां के व्यापारी क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से आपस में व्यापार कर सकते हैं और इस समस्या से बच सकते हैं। मूल बात यह है कि यदि केंद्रीय बैंक जिम्मेदार है तो क्रिप्टो करेंसी अस्थिरता पैदा करती है लेकिन यदि केंद्रीय बैंक गैर-जिम्मेदार है तो क्रिप्टो करेंसी लाभप्रद हो सकती है।

इस स्थिति में कई केंद्रीय बैंकों ने डिजिटल करेंसी जारी करने का मन बनाया है। डिजिटल करेंसी और क्रिप्टो करेंसी में समानता यह है कि दोनों एक नंबर होते हैं जो आपके मोबाइल में रखे जा सकते हैं। लेकिन क्रिप्टो करेंसी की तरह डिजिटल करेंसी गुमनाम नहीं होती है। रिजर्व बैंक द्वारा इसे उसी तरह जारी किया जाएगा जैसे नोट छापे जाते हैं। रिजर्व बैंक जान सकती है कि वह रकम किस मोबाइल में रखी हुई है। इसलिए डिजिटल करेंसी केंद्रीय बैंक के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से हमारी रक्षा नहीं करती है। नोट छापने की तरह केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी भी भारी मात्रा में जारी करके महंगाई पैदा कर सकती है। लेकिन फिरभी मुद्रा को सुरक्षित रखने में डिजिटल करेंसी मदद करती है क्योंकि आपको नोटों को आग, पानी और चोरों से बचाना नहीं है। यदि कभी आप अपनी करेंसी का नंबर भूल जायें अथवा आपका मोबाइल चोरी हो जाये तो आपकी पहचान करके उसे वापस प्राप्त करने की व्यवस्था की जा सकती है।

डिजिटल करेंसी का हमें स्वागत करना चाहिए विपरीत इसके कि यह केंद्रीय बैंक के गैर-जिम्मेदाराना आचरण से हमारी रक्षा नहीं करती है। केंद्रीय बैंक के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार को इस प्रकार के तकनीकी आविष्कारों से नहीं रोका जा सकता है। उसे ठीक करने का कार्य अंततः राजनीति का है और उस व्यवस्था को सुदृढ़ करना चाहिए। लेकिन डिजिटल करेंसी के माध्यम से नोट को छापने और रखने का खर्च कम होता है और आपस में लेनदेन भी सुलभ हो सकता है इसलिए हमें डिजिटल करेंसी का स्वागत करना चाहिए।

## प्रयश्चित ही कर्म फल से मुक्ति का आधार है

यह ठीक है कि जिस व्यक्ति के साथ अनाचार बरता गया अब उस घटना को बिना हुई नहीं बनाया जा सकता। सम्भव है कि वह व्यक्ति अन्यत्र चला गया हो। ऐसी दशा में उसी आहत व्यक्ति की उसी रूप में क्षति पूर्ति करना सम्भव नहीं। किन्तु दूसरा मार्ग खुला है। हर व्यक्ति समाज का अंग है। व्यक्ति को पहुँचाई गई क्षति वस्तुत॰ प्रकारान्तर से समाज की ही क्षति है। उस व्यक्ति को हमने दुष्कर्मों से जितनी क्षति पहुँचाई है उसकी पूर्ति तभी होगी जब हम उतने ही वजन के सत्कर्म करके समाज को लाभ पहुँचाये। समाज को इस प्रकार हानि और लाभ का बैलेन्स जब बराबर हो जायेगा तभी यह कहा जायेगा कि पाप का प्रायश्चित हो गया और आत्मग्लानि एवं आत्मप्रताड़ना से छुटकारा पाने की स्थिति बन गई। सस्ते मूल्य के कर्मकाण्ड करके पापों के फल से छुटकारा पा सकना सर्वथा असम्भव है। स्वाध्याय, सत्संग, कथा, कीर्तन, तीर्थ, व्रत आदि से चित्त में शुद्धता की वृद्धि होना और भविष्य में पाप वृत्तियों पर अंकुश लगाने की बात समझ में आती है। धर्म कृत्यों से पाप नाश के जो माहात्म्य शास्त्रों में बताये गये हैं उनका तात्पर्य इतना ही है कि मनोभूमि का शोधन होने से भविष्य में बन सकने वाले पापों की सम्भावना का नाश हो जाये। ईश्वरीय कठोर न्याय व्यवस्था में ऐसा ही विधान है कि पाप परिणामों की आग में जल मरने से जिन्हें बचना हो वे समाज की उत्कृष्टता बढ़ाने की सेवा-साधना में संलग्न हों और लदे हुए भार से छुटकारा प्राप्त कर शान्ति एवं पवित्रता की स्थिति उपलब्ध कर लें।

# चीन के कदम

**सिद्धार्थ शंकर**

तमाम सैन्य वार्ताओं के बावजूद पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच तनाव कायम है। चीन लगातार भारत के खिलाफ सीमा पर अपनी रणनीति बनाने में जुटा है। एलएसी पर वह सामरिक रणनीति की तैयारी के साथ निगरानी तंत्र को भी मजबूत कर रहा है। इस रणनीति में चीन ने अब पाक को भी शामिल कर लिया है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चीन ने पाक सेना के अधिकारियों को सीमा के थ?एटर कमांडर के मुख्यालय में तैनात किया है। बीजिंग और इस्लामाबाद के बीच खुफयि सूचनाओं को साझा करने के करार के बाद चीनी सेना ने यह कदम उठाया है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या चीन एक और युद्ध की तैयारी कर रहा है। क्या उसकी योजना किसी नए जंग की है। गलवान घाटी इलाके में चीन जिस तेजी से सैन्य गतिविधियां बढ़ा रहा है, वे भारत के लिए चिंता पैदा करने वाली हैं। ऐसी खबरें हैं कि चीन ने इस क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास साठ हजार सैनिक तैनात कर लिए हैं। वह इस इलाके में अपना दबदबा बढ़ाने के लिए सैन्य साजोसामान पहले ही ला चुका है। स्थायी बंकर बना लिए हैं। हवाई पट्टियां बिछा ली हैं। यानी युद्ध जैसी तैयारियां कर वह भारत को उकसाने में लगा है। ऐसा वह भले अपने कब्जे वाले क्षेत्र में कर रहा हो, जिसका उसे हक भी है, पर इससे उसकी मंशा तो साफ हो गई है। जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों पर हमले के बाद जो गतिरोध खड़ा हुआ है, चीन उसकी आड़ में यह सब कर रहा है। यह उसकी पुरानी रणनीति और प्रवृति भी रही है कि पहले घुसपैठ करो और फिर इलाके को विवादित बना कर वहां सैन्य अड्डे खड़े कर लो। हालांकि चीन



की किसी भी हरकत का जवाब का जवाब देने के लिए भारतीय सेना की तैयारियां भी मामूली नहीं हैं। गलवान की घटना के बाद भारत ने इस इलाके में सेना की पहुंच आसान बनाने के लिए सड़कों के जाल सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर काम तेज किया है और मजबूत मोर्चाबंदी कर ली है। चीन के आक्रामक रुख को देखते हुए ऐसा करना भारत के लिए जरूरी भी है।

अब एक और चौंकाने वाली बात पता चली है। हाल में उपग्रहों से मिली तस्वीरों से यह सामने आया है कि पैंगोंग झील पर चीन एक पुल भी बना रहा है। यह पुल उसके उत्तरी और दक्षिणी हिस्से को जोड़ेगा। सामरिक लिहाज से देखा जाए तो भारत के खिलाफ मोर्चाबंदी की दिशा में चीन का यह बड़ा कदम है। गौरतलब है कि पैंगोग झील का दो तिहाई हिस्सा चीन के अधिकार क्षेत्र में आता है। चीनी सैनिकों को अभी झील के एक छोर से दूसरे तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। पर पुल बन जाने के बाद यह दूरी लगभग दो घंटे में पूरी हो जाएगी। जाहिर है, चीन का इरादा आने वाले दिनों में इस इलाके में बड़े सैन्य जमावड़े का है। भारत के अलावा इस क्षेत्र में कोई दूसरा देश तो है नहीं जिसके खिलाफ उसे मोर्चा खोलना हो। यानी ये सारी तैयारियां वह भारत के खिलाफ तैयार कर रहा है। गलवान घाटी में भारतीय सैनिकों पर हमले के बाद से चीन का दिनोंदिन होता आक्रामक रवैया इस बात का प्रमाण है कि वह भारत के साथ अच्छे रिश्तों की जो बात करता है, वह महज एक दिखावा भर है। गलवान गतिरोध खत्म करने के लिए दोनों देशों के बीच शांति वार्ताओं के तेरह दौर हो चुके हैं। पर चीन के हठीले रवैए के कारण गतिरोध कायम है। चीन विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के बजाय हर थोड़े समय बाद कुछ न कुछ ऐसा कर डालता है जिससे भारत उकसे और कोई कदम उठाए। जैसे कि नववर्ष के मौके पर उसने उसने गलवान घाटी में अपना झंडा फहराने का वीडियो जारी कर डाला। इससे पहले अरुणाचल प्रदेश में कुछ जगहों के नाम चीनी और तिब्बती भाषा में रख दिए। नए साल में उम्मीद की जा रही थी कि चीन किसी सकारात्मक कदम के साथ आगे आएगा। लेकिन उसकी ताजा गतिविधियां बता रही हैं कि वह शांति के बजाय टकराव के रास्ते पर चलने का मन बना चुका है। वरना वह गलवान में सैन्य गतिविधियां बढ़ाने की दिशा में क्यों बढ़ता।

# मंदिरों में भगदड़ की घटनाएं और बेमौत मरते श्रध्दालू ?

## सूडोकु नवताल- 5947

★★★✲✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5946 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

**नरेन्द्र भारती**



नव वर्ष 2022 पर वैष्णो देवी के दर्शन के लिए भवन पर उमड़ी भारी भीड़ से भगदड़ मच गई।दर्दनाक मंजर था।लाशों के ढेर लग गए।दर्जनों लोग बेमौत मारे गए।कैसी विडंबना है कि मनोकोमना के लिए गए श्रध्दालूओं को मनोकोमना के बदले मौत की सौगात मिली।यह बहुत ही दुखद हादसा है। ताजा घटनाक्रम में शुक्रवार को आधी रात को एक तंग जगह पर दर्शन के लिए आगे बढ़ रहे और वापस लौट रहे श्रध्दालूओं में धक्का मुक्की होने के कारण ंिस्थति बिगड़ गई।और भगदड़ मच गई इस भगदड़ में 14 श्रध्दालूओं की दर्दनाक मौत हो गई तथा 16 श्रध्दालू घायल हो गए।वैष्णो देवी में यह पहला हादसा हुआ है। आधाी रात को चारों तरफ चीखों पुकार मच गई।लोग बदहवाश अपने बच्चों को ढूंढ रहे थे।श्रध्दालू दब रहे थे। देश के मदिरों में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और श्रध्दालू बेमौत मर रहे हैं।इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में श्रध्दालू आएगें तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। आंकड़ों के अनुसार 3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेश के प्रसिध्द शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे। घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रध्दालूओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। वर्ष 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मौत हुई थी।2019में तमिलनाडू के मुथैयापलयम में स्थित करुपन्ना स्वामी मंदिर में भगदड़ मचने से चार महिलाओं समेत सात श्रध्दालूओं की दर्दनाक मौत हो गई थी। तथा 10 अन्य घायल हो गए थे। सिक्कों के वितरण के लिए आयोजित सामारोह पीदीकासू में अचानक भगदड़ मचने से सात महिलाएं बेमौत मारी गइ थीं।यह बहुत ही दुखद हादसा था। वर्ष 2018 में नवरात्रि की नवमी पर मध्यप्रदेश के दतिया जिले में स्थित प्रसिध्द रतनगढ़ देवी मंदिर में देखने को मिला था जहां पुल टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण 91 श्रध्दालूओं की दर्दनाक मौत हो गई थी और 150 से ज्यादा घायल हो गये थे मरने वालों में 30 बच्चे व 42 महिलाएं शामिल थी। काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। मंदिरों में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हसे चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। हर साल श्रध्दालू मंदिरों में दर्शन करने जाते हैं, मनोकामना तो पुरी नहीं होती मगर उन्हे मौत जरुर मिलती है। आकडे बतातें है कि वर्ष 2008 में भी नवमी को भी इसी जगह पर नदी में डूबने से लगभग 100 श्रध्दालूओं की असमय मौत हो गई थी। रविवार को घटित इस मेले में लाखों श्रध्दालू आए थे बेचारे पल भर में लाशों में बदल गए। मंदिर अब आस्थास्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। रविवार को मंदिर परिसर में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे। श्रध्दालूओं का सामान चारों तरफ बिखरा पडा था। भगदड़ में सैकडों महिलाएं ,बच्चे व बुर्जुग पैरां तले कुचल दिए गए तो कुछ की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। ,श्रध्दालू बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे।मगर उनके अपने मौत की नीद सो चुके थे। मध्यप्रदेश सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है मगर जो काल का गाल बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। सात साल पहले 2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। अब प्रशासन मृतकों को डेढ लाख दे रही है अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था। मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारों द्वारा जो पैसा मुआवजे के रुप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता तो आज यह नौबत न आती। आकडों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है।

# नियति का न्याय

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

कभी-कभी हम न चाहते हुए भी किसी पर अंधा विश्वास कर जाते है। वैसे तो बढ़े-बूढ़े यानि बुजुर्ग कह गए है की हर कदम फूँक-फूँक कर रखना चाहिए, पर राम तो अपनी बेटी के विवाह के समय अपने मित्र पर अंधा विश्वास कर गया। बेटी का विवाह हो गया, पर कुछ समय पश्चात ही परिवार की संकीर्ण सोच उमा पर हावी होने लग गई। उमा सदैव ही माता-पिता के प्रति समर्पित लड़की थी। तलाक जैसे शब्द तो उसके शब्दकोष में थे ही नहीं। उमा उस परिवार में स्वयं को असहाय महसूस करने लगी, पिता के प्यार के कारण वापस घर आना भी उसे स्वीकार नहीं था। अतः अंतिम निर्णय उसने स्वयं को समाप्त करना चुना। राम को उमा के बाल्यकाल से लेकर विवाह तक की सारी यादें अंदर से झंकझोर कर रही थी की क्यों मैने पर्याप्त छानबिन के बिना उमा का रिश्ता एक गलत घर में कर दिया। राम के पैरो से तो जमीन खिसक ही चुकी थी, पर फिर भी उसने धैर्य को ही चुना और दिल पर पत्थर रखकर आगे का समय व्यतीत किया।

कानूनी कार्यवाही उसने अपनी पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर नहीं की, क्योंकि उसे डर था की यदि केस लंबा चला और बार-बार उमा के विषय में चर्चा हुई तो पत्नी का स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो जाएगा, क्योंकि वह उमा की मृत्यु के कारण पहले से ही मानसिक अवसाद से ग्रस्त हो गई थी। विष का घूँट पीकर भी राम के सामने उमा के ससुराल वालों को माफ करने के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं था। कुछ समय अंतराल के पश्चात उमा के पति का पुनर्विवाह हुआ, पर वही परिवार की संकीर्ण सोच और तालमेल के अभाव में अबकी बार उमा के पति को ही अपनी जीवन लीला समाप्त करनी पड़ी। राम ने कभी भी तड़प, दुःख, संताप और संत्रास की अवस्था में कभी कोई बददुआ नहीं दी, पर नियति के न्याय ने सबकुछ स्वतः ही कर दिया। उमा तो कभी वापस नहीं आएगी पर शायद अब उस परिवार को भी संतान को खोने का पश्चाताप होगा और वह परिवार भी उमा के जाने पर जो दुःख राम के परिवार पर बिता था वह भी उस पीड़ा को महसूस करेगा। इस लघुकथा से यह शिक्षा मिलती है कि ईश्वर का अस्तित्व है, शायद वह परीक्षा लेता है, पर नियति के न्याय को आप नहीं ठुकरा सकते। कभी सच्चाई को मौन होना पड़ता है, पर वह कभी भी पराजित नहीं हो सकती। यह भी शाश्वत सत्य है। सदैव प्रयत्न करें की यथार्थ के धरातल पर ही किसी रिश्ते की नींव रखी जाए। ऐसे मध्यस्थ और मित्र न बनें की किसी की दुनिया में सदैव के लिए आँसुओं का बसेरा हो जाए।

# 16 जनवरी को पूर्ण होने वाली स्वर्णकार कल्याण जागृति रथ यात्रा कोरोना के कारण हुई स्थगित!

**दैनिक पुष्पांजलिटुडे**
**संजीव शर्मा**

स्वर्णकार समाज की समस्याओं को लेकर 5 दिसंबर से सतना में शुरू हुई स्वर्णकार कल्याण जागृति रथ यात्रा को कोरोना के कारण आयोजन कर्ताओं ने शिवपुरी में स्थगित कर दी है इस यात्रा का 16 जनवरी को भोपाल में समापन होना था लेकिन कोरोना के कारण शिवपुरी एसडीएम ने यात्रा निकालने की अनुमति को निरस्त कर दिया जिस पर स्वर्णकार समाज ने शासन और प्रशासन के इस निर्णय को मानते हुए यात्रा को स्थगित करने का निर्णय लिया स्वर्णकार समाज के सदस्यों ने अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर महोदय और मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में स्वर्ण कला बोर्ड की स्थापना करने के साथ-साथ हॉल मार्क प्रणाली मैं सुधार राजनीति में समाज की भागीदारी भारतीय दंड विधान की धारा 411 बा 412 मैं सुधार करने एवं प्रत्येक जिले में संबंधित दुकान में जाने से पूर्व समिति से संपर्क करने स्वर्णकार कारीगरी को हस्तशिल्प का दर्जा देने प्रत्येक जिले में स्वर्णकार भवन हेतु भूमि प्रदान करने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में स्वर्ण कारों को प्राथमिकता देने पिछड़ा वर्ग आयोग में स्वर्ण कारों को प्राथमिकता देने की मांग की गई है अपनी इन्हीं मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए 5 दिसंबर को मैहर की शारदा देवी के दर्शनों के पश्चात यह यात्रा शुरू की गई थी स्वर्णकार समाज कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा प्रदेश संयोजक देवदत्त सोनी संभाग प्रभारी वृंदावन




प्रसाद सोनी और प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के प्रारंभ होने के बाद से ही उन्होंने हर जिले में मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाने के लिए कलेक्टरों को् ज्ञापन दिए हैं यात्रा प्रदेश के विभिन्न जिलों से होती हुई गुरुवार को शिवपुरी पहुंची लेकिन बुधवार को प्रदेश सरकार द्वारा कोरोनावायरस को दृष्टिगत रखते हुए कुछ प्रतिबंध लगाए गए हैं उन प्रतिबंधों का पालन करते हुए स्वर्णकार समाज ने रैली स्थगित करने का निर्णय लिया है प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी का कहना है की कोरोनावायरस का पिक कम होने के बाद प्रतिबंध हटते ही वह शिवपुरी से ही यात्रा का पुनः आगाज करेंगे और जिन जिलों तक यात्रा नहीं पहुंची है उन जिलों में यात्रा करते हुए भोपाल पहुंचेंगे यहां एक विशाल आमसभा की जाएगी संभाग प्रभारी वृंदावन सोनी ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा की अभी तक हमने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन किया है लेकिन सरकार तक उनकी आवाज नहीं पहुंची उन्होंने कहा कि अगले चरण में वह उग्र आंदोलन करेंगे और अपनी बातें सरकार तक पहुंच जाएंगे क्योंकि स्वर्णकार समाज को अभी तक सरकारों ने वोट बैंक की तरह देखा है लेकिन हमारी अंधे कीलेकिन हमारी अनदेखी इस बार सरकार को भारी पड़ेगी!

## वन-टू-वन



दतिया मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र दतिया जिले के दो दिवसीय प्रवास के पहले दिन शनिवार को राजघाट कॉलोनी स्थित निवास पर आमजन की समस्याओं कोपूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट और उनके निराकरण केसंबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। गृह मंत्री ने आम जनों से वनटूवन करते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए लोगों से पूरी सतर्कता एवं सावधानी बरतने के मास्क लगाने की अपील भी की।

### पशु चिकित्सालयों में सन्नाटा, डॉक्टर गायब रहते हैं

पहाड़गढ़ से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे कन्हार में पशु चिकित्सालय बना हुआ है और वहां पशु चिकित्सक दीपक तिवारी की पदस्थापना भी की गई है। जिससे बीमार पशुओं का उपचार हो सके। लेकिन



दुर्भाग्य की बात यह है कि डॉ. दीपक तिवारी और 2 लोगों का स्टाफ भी है वहां से गायब रहते हैं। पशु चिकित्सालय में ताला लगा रहता है अब इसका खामियाजा कन्हार के पशु पालकों को भुगतान पड़ रहा है पशुपालकों को मजबूरी में प्राइवेट डॉक्टरों से इलाज कराना पड़ता है

### दवाओं को लगा रहे ठिकाने

जब इन पशु चिकित्सालयों में उपचार नहीं होता तो यहां आने वाले दवाएं कहां जाती हैं ? पशु चिकित्सा विभाग पशुओं के उपचार के लिए दवाएं प्रत्येक चिकित्सालय में उपलब्ध कराता है। लेकिन यह दवाएं या तो खराब हो जाती हैं या फिर ठिकाने लगा दिया जाता है। प्रतिवर्ष सभी पशु चिकित्सालयो में मुख्यालय से दवा भेजी जाती है

# ओलावृष्टि होने के कारण किसानों की फसल तवा किसान रोता हुआ ओला बरसता हुआ

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** अनु विभाग के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बीरपुर में ओलावृष्टि होने के कारण हर जगह तबाही खेतों में देखी जा रही है और किसान हताहत है हर जगह केवल तबाही तबाही नजर आ रही है और किसानों के लिए खाने के लिए भी खेतों से क उपज नहीं निकल पा रहा है किसानों की इस तरह बुरी हालत चल रही है जिसकी कोई सीमा नहीं है क्योंकि रात्रि 11=30 वर अत्याधिक तेज ओलावृष्टि होने के कारण खेतों की सारी फसलें नष्ट हो चुकी है हर जगह केवल तबाही तबाही नजर आ रही है किसान रोता हुआ और ओला बरसता हुआ इस कदर ओलावृष्टि क्षेत्र के कई ऐसे ग्राम है जहां पर खेत खलियान बुरी तरह से फसल से तबाह हो चुके हैं जिसमें वीरपुर खिलौना किशनपुरा और भी कई ग्राम है जहां पर तेजतर्रार ओलावृष्टि हुई जिसमें फसल ओलावृष्टि के कारण खत्म हो चुकी है दाने दाने के लिए मोहताज फिरता हुआ ओलावृष्टि की जानकारी सुबह पटवारी मयूर कुशवाह को दी गई जिसके चलते तुरंत मयूर कुशवाह खेतों पर तुरंत पहुंच कर



किसानों के लिए लेखा झुका कर कर तुरंत किसानों के लिए हर संभव शासन से मदद दिलाने की बात कही वीरपुर पंचायत पर कार्यरत पटवारी मयूर को सुबह द्वारा किसानों की सुनवाई तुरंत की जाती है जिसके चलते किसानों के लिए शासन से आर्थिक मदद मिल सके और किसानों के लिए हर संभव मयूर को सभा द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी किसान निराश ना हो ओलावृष्टि में जो भी किसानों का नुकसान हुआ है उनके लिए शासन से जरूर सहयोग मिलेगा यह पटवारी का कथन है आज किसानों की खेती उजड़ गई नाही ओलावृष्टि होती ना किसानों के खेत उजनते बे मौसम बरसात साथ ही ओलावृष्टि ने किसानों को रुलाया हर जगह तबाही का मंजर हर जगह किसान रोता हुआ

# भाजपा किसान मोर्चा मंडल कार्यकारिणी का किया गठन



### छत्रपाल सिंह बने किसान मोर्चा बिजोवा मंडल अध्यक्ष

**पुष्पांजलि टुडे। पाली रानी।** निकटवर्ती जवाली भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सज्जन कर्मठ युवा छत्रपाल सिंह को पाली भाजपा जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार एवम् किसान मोर्चा पाली जिला अध्यक्ष के मंशा के अनुरूप भाजपा किसान मोर्चा बिजोवा मंडल के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। छत्रपाल सिंह समाज सेवा के साथ विभिन्न संगठनों के कई पद हैं ।इससे यह कहना गलत नहीं होगा कि व्यक्ति के अगर कर्म अच्छे हैं तो निश्चित रूप से उसे सफलता प्राप्त होती हैं। गाँव में रहते हुए हर समाज का दिल जीते हुए विभिन्न समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहना यह हमारे लिए सौभाग्य की बात भी है साथ ही साथ हमें प्रेरणा भी मिलती हैं कि हम भी हमारे लोकल क्षेत्र में भी क्यों नहीं विभिन्न समाजसेवी संगठनों में रहकर या विभिन्न राजनीतिक क्षेत्र में रहकर भी अपने आयाम स्थापित कर सकें और अपने गाँव का नाम रोशन कर सकें। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष उपाध्याय . जन्मजय सिंह खारडा,,बीजेपी युवा मोर्चा ईकाई . अध्यक्ष एव सहसंयोजक अजय कुमार जैन जवाली, कालूराम देवासी, ललित चौधरी, भोलाराम चौधरी, नरेश हीरागर, भावेश प्रजापत भरत वैष्णव, गणपत सेन, मागी लाल देवासी, कुपारम मेघवाल, रतन लाल भाटी कार्यकर्ता उपस्थित थे

### शार्ट सर्किट से लगी आग गाय और भैंस बुरी तरह से जल से

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर देहात थाना क्षेत्र से आ रही है सोनेराम पुत्र बच्चू पाल उम्र 32 साल नि. लुधावली पाताली हनुमान जी के मंदिर के पीछे स्कूल के पास शिवपुरी मो 9755136250 ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि आज दिनांक (08.01.22 के रात्री करीव 01 बजे की बात है हमारे घर के पास में बिजली का खम्बा लगा है जिसमें रात्री में स्पायरिंग होने से मेरी घर के पास बनी झोपड़ी में आग लग गई जिसमें भूसा भरा हुआ था भूसा में आग लगने के कारण 20 कुन्टल भूसा जल गया वहीं पास में मेरी भैंस एवं गाय भी एक झोंपड़ी में बंधे हुये थे उस झोंपड़ी में भी आग लग गई जिससे मेरी एक गाय एवं दो भैंस और एक करीव 08 महीने का पड़ा भी आधे जल गये है मेरा करीवन 20000रू. का नुकशान हो गया है सब जानकारी के अनुसार झोपड़ी में आग विजली की स्पायरिंग के कारण लगी है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी बिजली विभाग के कर्मचारी खंबे पर आकर मेंटेनेंस का कार्य नहीं करते हैं इस कारण से आज हमारी गाय भैंस और भूसा जलकर राख हो गई हैं इसके जिम्मेदार बिजली विभाग के कर्मचारी हैं इन पर कार्यवाही की जावे। उपरोक्त विवरण पर से आगजनी क्र.01/22 कायम कर जांच में लिया जांच सउनि केदार सिंह को दी गई

# पहले दोस्तो ने साथ मे पार्टी की, पुलिस के दबिश देने पर हुआ विवाद

### आरोपियों के समर्थक पुलिस पर दवाब बनाने के लिए थाने पर एकत्रित हुए, पुलिस ने खदेड़ा किया मामला दर्ज

गोहद प्राप्त जानकारी के अनुसार डांग पहाड़ निवासी कमल नागर व उसके साथियों ने सिरोल में जाकर पार्टी की पार्टी के दौरान पुलिस ने दबिश दे दी जिस कारण दोस्तो में विवाद हो गया उसी आपसी विवाद के चलते आरोपी कमल नागर ने अपने साथियों के साथ फरियादी मेघ सिंह पुत्र अशोक सिंह जाटव उम्र 29 साल निवासी छरेठा थाना एण्डोरी जिला भिण्ड दिनांक 04/01/2022 को समय करीबन शाम 4 बजे अपने दोस्त हर्ष वर्धन के साथ मालनपुर हनुमान चौराहा पर मोबाइल खरीदने के लिये गया था तभी वहा पर शिवा, वंश प्रताप जाटव उर्फ नगद व कमल नागर तथा एक अन्य व्यक्ति आये और पुलिस में शिकायत करने की बात को लेकर गाली गलोच करने लगे जब मैने



गालियाँ देने से मना किया तो मुझे तीनो लोगो ने मिलकर हाथ मुक्को से मारपीट किया जब मेरे दोस्त हर्ष वर्धन ने बीच बचाव करना चाहा तो उसे धक्का देकर दूर कर दिया और मुझे गाड़ी में बिठालकर डांग पहाड़ पर ले जाकर नंगा करकर फिर मारपीट की और वही पर छोड़ दिया उन लोगो ने मुझे जाते समय धमकी दी कि अगर हमारे बारे में कभी भी पुलिस को खबर दी या थाने पर रिपोर्ट की तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। दो दिन तक डर के कारण में रिपोर्ट करने नहीं आया था। दूसरी घटना में आरोपी कमल नागर व उसके साथियों द्वारा फरियादी सुरेन्द्र जाटव पुत्र उदयसिंह जाटव उम्र 33 साल नि0 छरेटा थाना एण्डोरी ने रिपोर्ट की कि मेघ सिंह ने कमल नागर के खिलाफ थाना मालनपुर मे रिपोर्ट की थी जिस पर से मेरा कमल नागर से विवाद हो गया था उसी रंजिश पर से आज दिनांक 07.01.22 के समय करीबन दिन के 01.30 बजे मै और मेघसिंह अपने दोस्त की अल्टो कार से थाना मालनपुर से गोहद अधिकारियों से मिलने जा रहे थे जैसे ही बूटी कुईया पर पहुँचे उसी समय मेरे पीछे से एक ग्रे कलर की कार ने मेरी कार के आगे लगा कर रोक लिया जिसमे कमल नागर था और तभी पीछे से दूसरी बुलैरो क्रमांक ख्व07ष्ट्त 6040 आकर रूकी जिसमे पवन आर्य और उसका भाई जितेन्द्र निवासी बिछौली के आये और तीनों ने मुझे गाडी से उतार कर अपनी गाडी मे बिठा लिया और कमल नागर मुझे अपने गाँव डांग ले गये जहाँ पर जितेन्द्र, पवन आर्य व कमल नागर तीनों लोगों ने मुझे पटक कर नंगा कर मेरी लाठी डण्डों से मारपीट की जिससे मेरे दाहिने आँख, बांये पैर, पीछे पीठ मे जगह जगह चोटों आयीं है तीनों कह रहे थे अगर थाने मे रिपोर्ट करने गया तो जान से खत्म कर देंगे इसके बाद मै ग्राम डांग से मौका पाकर भाग आया घटना मैने अपने भाई दीपचन्द्र व महाराजसिंह को बतायी ओर थाने में आकर रिपोर्ट की। आरोपियों के समर्थकों ने पुलिस पर दवाब बनाने के लिए थाने पर एकत्रित हुए लेकिन पुलिस ने समर्थकों को खदेड़ दिया और आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया और मामला की जांच शुरू कर दी है।

# शक्कर कारखाना कैलारस कांग्रेस सरकार की देन उसे बचाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी- भानु प्रताप सिंह

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**मुरैना/** जिले का एकमात्र शक्कर कारखाना कैलारस जिसे सहकारी स्तर पर किसानों को शेयर होल्डर बना निर्वतमान कांग्रेस सरकार ने ग्वालियर चंबल अंचल की समृद्धि के लिए स्थापित किया था ! आज बिकने की कगार पर है उसके पर समापन की तैयारी चल रही है जब इस संबंध में हमारे संवाददाता द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जोरा भानु प्रताप सिंह सिकरवार से बात की तो उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान किया जा सके इसको लेकर निर्वत मान कांग्रेस सरकार ने ग्वालियर चंबल अंचल के कैलारस में शक्कर कारखाना स्थापित किया! शक्कर कारखाना स्थापित होने के बाद ग्वालियर चंबल अंचल के 50 हजार के करीब परिवार गन्ने की खेती किया करते थे जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार भी हुआ इतना ही नहीं करीब 1500 मजदूर भी शक्कर कारखाने में कार्यरत थे जिससे कैलारस के बाजार की रौनक तो थी ही मुरैना-ग्वालियर के बाजार भी गुलजार रहते थे! कैलारस शक्कर कारखाने की शक्कर की मिठास की गूंज पुरे देश में बनी हुई थी लेकिन विगत 15वर्षो से शक्कर कारखाना बंद होकर आज बिकने की कगार पर हे वर्तमान बीजेपी सरकार की ऐसी मंशा हे की शक्कर कारखाने से लगी बेसकीमती जमीन को कोड़ियो के दाम पर बेककर अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुंचाया जा सके तभी तो उन्होंने कारखाने के



परिसमापन की कीमत मात्र 85करोड़ आकि हे जबकि शक्कर कारखाना कैंपस की जमीन की कीमत करीब 500 से 700 करोड़ रुपए है यदि सरकार चाहे तो कैलारस के शक्कर कारखाने को फिर से शुरू किया जा सकता है सरकार कैंपस में प्लॉटिंग करवा कर 85 करोड़ से ज्यादा की रकम वसूल सकती है और उस पैसे से शक्कर कारखाने की देनदारी खत्म की जा कर उसे पुनः चालू कराया जा सकता है लेकिन सरकार की ऐसी मंशा नहीं है सरकार चाहती है कि इसे देखकर अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाया जाए पर मैं यह कहना चाहता हूं कि निर्वतमान कांग्रेस सरकार की देन शक्कर कारखाना कैलारस को किसी भी सूरत पर बिकने नहीं दिया जाएगा इसके लिए हम कांग्रेस की ओर से बड़ा सा बड़ा आंदोलन करेंगे और कैलारस के शक्कर कारखाने को बचाने का प्रयास करेंगे उपरोक्त चेतावनी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने आगे कहा की शक्कर कारखाना को पुनः चालू किया जाए उसे किसी भी हाल में ना बेचा जाए वरना हम कांग्रेस के बैनर तले आंदोलन कर मुरैना जिले की शान शक्कर कारखाना कैलारस को किसी भी कीमत पर बिकने नहीं देंगे इसके लिए जल्द रणनीति बनाकर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा पूर्व में भी शक्कर कारखाने को बचाने को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन किया है और आगे भी कांग्रेस पार्टी के बैनर तले हम एक विशाल आंदोलन खड़ा करेंगे और शक्कर कारखाना कैलारस को बिकने से बचाने का हर संभव प्रयास करेंगे!

### अम्बाह की मैत्री वेलफेयर फाउन्डेसन टीम व डा. कल्लू शर्मा ने करौली राजस्थान मे लगाया निशुल्क चिकित्सा शिबिर...

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह...** आज अम्बाह मैत्री बैलफेयर फाउन्डेसन टीम व डा. कल्लू शर्मा ने मॉ कैला दैवी करौली राजस्थान में निशुल्क चिकित्सा चैकअप शिविर में दबाई बितरण रोजाना चव रहा है यहा हम आपको बतादे




आचार्य अरबिन्द जी शास्त्री ने तीर्थ स्थलो पर निशुल्क 25 श्रीमद् भागबत कथा करने का संकल्प लिया है जो कि मॉ कैला देवी करौली राजस्थान पर 11बी कथा चल रही है इसी कथा के बीच मैत्री वेलफेयर फाउन्डेसन टीम अम्बाह डा. कल्लू शर्मा ने रोजाना निशुल्क दबाई बितरण का सेवा भाव अवसर दिया है हम आपको बता दे अम्बाह मैत्री वेल फेयर टीम अम्बाह की सामाजिक युवा टीम है जिसने अम्बाह मे ही नही अपितु जहा भी सामाजिक कार्य होता है बडी सेबा भाव से यह टीम आगे आकर अपनी सेवा भावना से तन मन धन से कार्य करती है इसके संचालन की कमान संभाले हुये दिनेश चन्द गुप्ता व अबनीश गुप्ता मन्टू ( राधे) है जो 24 घन्टे सेवा भाव के लिये तैयार रहते जिन्हौने अम्बाह शमशान घाट को अपनी सेवा भाव से काया कल्प मे बदल दिया है देखते हदय गदगद होजाता है।



## पूर्व विधायक व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेंद्र सिंह यादव ने किया ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा।

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**संजीव शर्मा खतौरा**

**शिवपुरी** - जिले के कोलारस विधानसभा में आसमान से गिरी आफत ने किसानों की आंखों में आंसू ला दिए। इसी बीच किसानों के मसीहा कहे जाने वाले पूर्व विधायक महेंद्रद्वसिंहद्वयादव अगली सुबह अपने किसान भाइयों के साथ खेतों में फसलों का निरीक्षण करने जा पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक हर गांव के किसानों के साथ उनके खेतों में भी गए। पूर्व विधायक ने कहा कि बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ने का काम किया है। इसे लेकर केंद्र व मध्य प्रदेश सरकार गंभीर है किसानों की फसलों की हुई क्षतिपूर्ति के लिए सरकार मुआवजा के लिए जल्द ही सर्वे करवाएगी। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए मैं आप सब किसानों के साथ हूं। इस मौके पर क्षेत्रीय वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ किसान भाई भी उपस्थित थे।

## मुलेवा परिवार ने बांटे 151 कंबल



**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** =-बिलाड़ा के मुलेवा परिवार ने जरूरतमंदों को सर्दी से बचने हेतु 151 कंबल वितरित किए एक सादे समारोह में कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष तरुण मुलेवा ने अपने निवास पर 151 कंबल वितरित किए इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्जुन लाल गर्ग , नगर पालिका अध्यक्ष रूप सिंह परिहार, डेयरी अध्यक्ष धनाराम हांबड़ , नगर पालिका उपाध्यक्ष लक्ष्मण राम पटेल पार्षद पन्ना राम सीरवी नेमाराम सीरवी पूर्व मंडी अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़ कानाराम पटेल दुर्गा राम देवासी ,देवी सिंह गिरधारी लाल कंसारा,हनुमान राम मुलेवा, वृक्ष बंधु गोविंद राम काग, चेतन पटेल ,सुरेंद्र सिंह राठौड़ सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि मुलेवा परिवार की इस पहल से और लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी और कोई भी जरूरतमंद सर्दी से पीड़ित नहीं होगा, नगर पालिका अध्यक्ष परिहार ने भी मुलेवा परिवार का आभार व्यक्त किया

## महा नरेगा संघ मारवाड़ ने पंचायत राज मंत्री मीणा का किया भव्य स्वागत

### नरेगा कार्मिकों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंत्री को दिया ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे। पाली**

**पाली मारवाड़।** नरेगा कार्मिक संघ ब्लॉक मारवाड़ जंक्शन द्वारा पंचायत राज मंत्री रमेश चंद्र मीणा को ज्ञापन प्रस्तुत कर नरेगा कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया गया। मंत्री के मारवाड़



जंक्शन आगमन पर खारची फाटक के पास पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमाराम चौधरी के सानिध्य में साफ आएं माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। ज्ञापन में नरेगा कार्मिकों की विभिन्न मांगों के संबंध में मंत्री को बताया गया नियमितीकरण वेतन वृद्धि समान काम समान वेतन आदि अनेक समस्याओं के बारे में मंत्री को अवगत कराया जिस पर मंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया ।कि उनकी मांगों पर उचित निर्णय जल्दी ही लिया जाएगा। ज्ञापन में नरेगा कार्मिक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश चौधरी कनिष्ठ तकनीकी सहायक से गिरीश कुमार धवल एवं रोजगार सहायक से मोहनलाल दादलिया के साथ ही प्रफुल्ल हरीश शर्मा गणपत चौधरी आदि उपस्थित रहे।



## नूराबाद पुलिस ने पकड़ा

गांजा जिले में बंद नहीं हो रही गांजा की तस्करी* मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे जिले में गांजा की तस्करी बंद नहीं हो पा रही है। नूराबाद पुलिस ने रात को एक क्विंटल, 15 किलो गांजा बरामद किया है। इसके साथ ही दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। गांजा जिस कार से ले जाया जा रहा था, उसे भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। गांजे को आंध्रप्रदेश से दिल्ली ले जा रहे थे। गांजे को सिडान कार से ले जाया जा रहा था। पुलिस को जानकारी लगी थी कि गांजा ग्वालियर की तरफ से आ रहा है। थाना प्रभारी आरती चराते ने सूचना पाते ही नूराबाद चौराहे पर बेरीकेट्स लगाकर स्वयं खड़ी होकर वाहनों की चेकिंग करवाने लगीं। इसी दौरान गांजा से भरी गाड़ी जैसे ही पहुंची उसे रोक कर उसको चेक किया गया। चेकिंग के दौरान देखा तो गांजा कार की सीट के नीचे पैकटों में बंद करके रखा हुआ था। जैसे ही पैकेट पकड़े गए कार में मौजूद दोनों व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया लेकिन वह भाग नहीं सके और मौके पर ही पकड़े गए



## जिले की खनियाधाना तहसील के ग्रामों में रात 11:00 बजे कुदरत का एक बार फिर से कहर बरसा

जिसमें किसानों की संपूर्ण फसलें नष्ट हो गई खनियाधाना तहसील के बूढ़ा खेड़ा,मसूरी,गणेश खेडा, तिजारपुर,हुरी, पहाड़ा खुर्द मेनवाड़ा धपोरा राजापुर बघारी पिपरोदा मायापुर ऐसे कई गांव हैं जहा गांव में ओले गिरने से धनिया एवं मसरा सरसों जमीन में धस गया ,किसानों ने बताया कि मसरा और धनिया में 100त्न नुकसान है और अब आशा भी टूट गई।। किसान ठोकर ठोकर खा रहा है पहले तो ठोकर खाई सोयाबीन नहीं निकला दूसरी चपेट ओलावृष्टि की किसान करे तो क्या करेअब देखना है होता है किसान को कि शासन प्रशासन से गुहार लगाएगा यदि कोई सहारा मिलता है कि नहीं मिलता है

## बूथ विस्तारको की हुई कामकाजी बैठक संपन्न जिम्मेदारियों को सौंपा गया बूथ स्तर पर होगे कार्यक्रम

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा की बूथ विस्तारकों की बैठक पंडित पुत्तुराम मेमोरियल स्कूल पर शक्ति केंद्र विस्तारको की बैठक में प्रबंधक एवं विस्तारको को सौंपी गई बूथ की जिम्मेदारी विस्तारक योजना के संबंध में चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई बिस्तारको को अपने अपने बूथ पर कार्यकर्ताओं की बैठक के साथ-साथ बूथ एवं वार्ड की जनहित की समस्याओं को भी हल कराने का कार्य करना होगा बैठक मे मंडल विस्तारक पूर्व जिला महामंत्री राधेश्याम शर्मा जिला उपाध्यक्ष साहिब सिंह तोमर आनंद सिंह तोमर अरुण गुप्ता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता लक्ष्मी शर्मा संतोष उपाध्याय संदीप उपाध्याय कमल जाटव धर्म सिंह तोमर डॉक्टर अनिल कुमार गुप्ता



जसराम गुप्ता अशोक सिंह तोमर अशोक गुप्ता वीरू तोमर अर्पित गुप्ता परमाल शर्मा विकास तोमर केतन दुबे संजय बाल्मीक रामजीलाल जाटव रामऋषि मिश्र एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता गण शक्ति केंद्र विस्तारक एवं प्रबंधक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने लोक सेवा आयोग की वेबसाइट का लोकार्पण किया

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की नवीन विकसित वेबसाइट का राजभवन में आज लोकार्पण किया। वेबसाइट उन्नत तकनीकी के साथ 2.0 के मापदंडों की प्रणाली के अनुरूप विकसित की गई है। इस यूजर फ्रेंडली इंटरफेस प्रणाली के आधार पर अभ्यर्थियों को सुगमता से सूचनाओं की प्राप्ति हो सकेगी। अभ्यर्थियों को आयोग से संबंधित जानकारी नवीन वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। राज्यपाल ने नवीन वेबसाइट के लोकार्पण पर आयोग के पदाधिकारियोंको बधाई दी। आयोग की गरिमा के अनुरूप पारदर्शिता और कार्य तत्परता की दिशा में किए जा रहें नवाचारों की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि नवीन वेबसाइट के माध्यम से प्रतिभागी को समुचित जानकारियाँ सुगमता और शीघ्रता से प्राप्त होगी। आयोग की पारदर्शी कार्य-प्रणाली और अधिक मज़बूत होगी। आयोग के अध्यक्ष प्रो. राजेशलाल मेहरा, सदस्य चंद्रशेखर रायकवार, डॉ. रमणसिंह सिकरवार एवं डॉ. कृष्णकांत शर्मा उपस्थित थे।

## नोडल अधिकारी फिर से सक्रिय होकर अपने क्षेत्र में निगरानी करें: कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह





**अनिल कुशवाह ब्यूरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-कोविड से बचाव की तैयारियां और वैक्सीनेशन को लेकर बैठक आयोजित

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी जिलाधिकारियों और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की शनिवार को बैठक ली और कोविड से बचाव की तैयारियां और वैक्सीनेशन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अब कोरोना के केस फिर से बढ़ने लगे हैं। अभी 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का वैक्सीनेशन भी किया जा रहा है और जिले में अभी बहुत कम वैक्सीनेशन हुआ है। ऐसे में सभी नोडल अधिकारी फिर से सक्रिय होकर अपने क्षेत्र में निगरानी करें। सभी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण करें। 50 घरों पर एक टीम बनाई गई है जिसमें स्थानीय स्तर के अमले को शामिल किया गया है। सभी नोडल अधिकारी उनके क्षेत्र के स्थानीय अमले के साथ गूगल मीट कर बेहतर समन्वय और निगरानी के लिए बैठक भी करें

कंट्रोल रूम सक्रिय करने के निर्देश कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बैठक में सभी जनपद सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को जनपद स्तरीय और सभी निकायों में कंट्रोल रूम को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही करने पर होगी कार्यवाही अभी महामारी अधिनियम लागू किया गया है कोई भी अधिकारी कर्मचारी कार्य में लापरवाही ना करें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। संकुल प्राचार्य भी नोडल अधिकारियों को करेंगे सहयोग शिक्षा विभाग के संकुल प्राचार्य की नोडल अधिकारियों के क्षेत्र के अनुसार ड्यूटी लगाने और समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सभी शिक्षकों को निर्देश जारी करें। बीएलओ और शिक्षक भी टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।

### बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और नाकों पर होगी टेस्टिंग

बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाके और अन्तर्राजीय नाकों पर टेस्टिंग टीम लगाई जाए और कोविड टेस्ट किए जाएं। इसमें दिनारा, अटलपुर बॉर्डर, 18 बटालियन, झांसी तिराहा बस स्टैंड और पूरणखेड़ी, सुभाषपरा टोल नाके आदि को चिन्हित किया गया है। सब्जी मंडी में भी भीड़ भाड़ होती है। ऐसे में यहां भी निगरानी की जाये।

## कैलारस पुलिस ने एम एस रोड पर रोको टोको अभियान चलाकर मास्क न लगाने वाले 55 लोगो से 2750 रुपए जुर्माना बसूला

### कैलारस पुलिस ने एम एस रोड पर रोको टोको अभियान चलाकर ,मास्क वितरित किए , बगैर मास्क वाले 55 लोगो से 2750 रुपए जुर्माना बसूला

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

कैलारस पुलिस ने एम एस रोड पर रोको रोको अभियान चलाकर बिना मास्क लगाए घूमने वाले 55 लोगो पर कार्यवाही कर 2750 रुपए जुर्माना बसूला और लोगो को



मास्क वितरित किए कोरोना संक्रमण के बचाव व रोक थाम के लिए मास्क अनिवार्य लगाना हे इसके लिए शासन के निर्देशानुसार लोगो को मास्क लगाने के लिए रोको रोको अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हे रोको टोको कार्यवाही में कैलारस पुलिस नगर निरीक्षक वेदेंद्र कुशवाह उप निरीक्षक प्रीति जादौन, प्रधान आरक्षक पंचम सिंह, विनोद खरे, शिवसिंह, आरक्षक ब्रजराज, दीपेंद्र, देवेंद्र, चालक सकिर, सामीर आदि पुलिस बल मौजूद रहा

## मध्य प्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति द्वारा जारी

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**संजीव शर्मा खतौरा**

ग्राम खतौरा में पूरे कस्बे को दुल्हन की तरह सजा कर रथ यात्रा का भव्य अभूत पूर्व स्वागत समाज के सजातीय भाइयो रामकृष्ण सोनी ,गोविंद सोनी ,मोहन सोनी ,संतोष सोनी ,संजीव सोनी, खैरू सोनी ,सपनेश सोनी, सौरभ सोनी, अमन सोनी, मोहित सोनी ,प्रदीप सोनी अकाझिरी व रन्नोद लुकवासा के समस्त स्वर्णकार समाज के और ग्राम बाशियो द्वारा किया गया खतोरा में यात्रा के आने पर बहुत तैयारी की गई थी रथ यात्रा का आगमन रात को बहुत इंतजार करने के बाद हुआ जिसमें रथयात्रा आने पर अभूतपूर्व स्वागत हुआ जिसमें हमारे माननीय प्रदेश अध्यक्ष राजेश बर्मा सोनी जी एवं संयोजक देवदत्त सोनी जी प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी जी (प्रदेश उपाध्यक्ष )ग्वालियर संभाग प्रभारी वृंदावन प्रसाद सोनी का बहुत ही गर्मजोशी से स्वागत किया गयायात्रा में आये हुए



प्रदेश के पदाधिकारियों ने बहुत सार्वगर्वित ओजस्बी उद्बोधन हुआ उद्बोधन में 8 सूत्री मांगों को लेकर शिवपुरी में माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन देने की तैयारी हुई लेकिन कोरोनावायरस आ जाने के कारण यात्रा शिवपुरी में ही स्थगित की गई है यात्रा दोबारा शिवपुरी से ही रथ बनाकर प्राम्भ होगी ग्वालियर चंबल एवं भोपाल संभाग जो जिले रह गए हैं उनमें दोबारा बहुत ताकत के साथ जिलों में भ्रमण कर तथा बांकी अपने अपने जिलो में ज्ञापन देंते *हुए अगली तारीख में भोपाल में भारी स्वजातीय समाज बंधुओं के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंप कर इस यात्रा का समापन होगा में हमारे पधारे हुए माननीय प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी जी* संयोजक देवदत्त सोनी जी प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी जी प्रदेश महामंत्री ओपी सोनी जी ग्वालियर संभाग प्रभारी वृंदावन सोनी यात्रा में प्रदेश कमेटी से पधारे डॉक्टर सरोज सोनी जी लल्लन सोनी जी भोपाल से पधारे पंकज सोनी जी बैरसिया से मुकेश जी सोनी एवं स्वर्णकार कल्याण समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे इनमें सभी अतिथियों का साल श्रीफल फूलमाला भेंटकर बहुत ही आत्मीय स्वागत किया गया उपस्थित सभी प्रदेश पदाधिकारियो को रात्रि भोजन कराकर यात्रा कोआगे शिवपुरी के लिए रवाना की गई !

### फिल्म में काम दिलवाने का दिया था भरोसा

## कॉमेडियन राजपाल यादव फिर मुश्किल में, 20 लाख रुपए हड़पने का आरोप

**इंदौर।** बॉलीवुड एक्टर और कॉमेडियन राजपाल यादव की मुश्किल बढ़ सकती है. उन पर फिल्म में काम दिलवाने के नाम पर 20 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा है. एक शख्स ने इंदौर की तुकोगंज थाना पुलिस को राजपाल के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया है. मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि आवेदन के साथ मिले हुए दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। अभिनेता राजपाल यादव के पते पर नोटिस जारी किया गया है. उन्हें तय समय में आकर अपना पक्ष रखना होगा. उसके बाद कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी.

जानकार के मुताबिक, शिकायतकर्ता का नाम सुरेंद्र सिंह है. उन्होंने पुलिस से



शिकायत की है कि राजपाल यादव और उनका संपर्क साल 2012 के करीब हुआ था. इस दौरान राजपाल यादव ने उनके बेटे को फिल्म में काम दिलवाने के नाम पर 20 लाख रुपये ले लिए। रुपए लेने के बाद भी राजपाल ने न तो बेटे को किसी फिल्म में काम दिलवाया और न ही रुपये लौटाए. शिकायतकर्ता ने कहा कि उन्होंने कई बार राजपाल यादव से अपने पैसे वापस मांगे. लेकिन, अभिनेता लगातार आनाकानी करते रहे. सुरेंद्र सिंह के मुताबिक, उनके और राजपाल के बीच कई बार फोन पर चर्चा हुई। इसमें भी पैसों के लेनदेन का जिक्र है. इसके अलावा वाट्सएप चैट भी है। इस चैट में भी रुपयों के लेन-देन की बात है।

### राजपाल पर कई लोगों को ठगने का आरोप

इंदौर देवास समेत मध्य प्रदेश के कई शहर हैं जहां कई लोग राजपाल यादव से अब भी पैसे मिलने का इन्तजार कर रहे हैं. तुकोगंज थाना प्रभारी कमलेश शर्मा के मुताबिक एक व्यापारी ने थाने पर शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया है. जिसमें फिल्म अभिनेता राजपाल यादव से पैसे लेने का हवाला दिया है. शिकायती आवेदन के साथ कुछ दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं. दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है. राजपाल यादव के पते पर नोटिस जारी किया गया है. उन्हें तय समय में आकर अपना पक्ष रखना होगा, उसके बाद विधि अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।

### अभिनेता के खिलाफ ये हुई शिकायत

सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि इन सब के बीच राजपाल यादव ने फोन नंबर भी बदल लिया और बात करना बंद कर दी. सुरेंद्र सिंह को जब तय मियाद के बाद पैसे नहीं मिले और न ही बेटे को अभिनय का मौका मिला तो उन्होंने पुलिस को शिकायत कर दी. गौरतलब है कि सुरेंद्र सिंह का बेटा रविंद्र पेशे से गायक है और वह अभिनय का शौक रखता है. उसकी दिली तमन्ना थी कि वह फिल्म में काम करे, लेकिन उसका सपना टूट गया. साथ ही पैसे भी डूब गए. जानकारी मिली है कि राजपाल यादव ने इस तरह से फिल्म शूट करने और लोगों को उसमें काम दिलवाने के नाम पर कई लोगों से पैसे वसूले हैं और वह वापस नहीं किए।

## कड़कड़ाती ठंड में खंडहर में मिला नवजात

**भोपाल।** मां मुझे कोख में मार देती तो अच्छा होता, लेकिन ठिठुरन पैदा करने वाली ठंड में बाहर तो न फेंकती। आखिर मेरा क्या कुसूर था जो तू मुझे खंडहर में फेंक आई। यदि बोल पाता तो जेपी अस्पताल के नवजात शिशु वार्ड में भर्ती दुधमुंहा नवजात अपनी मां से यही कहता। यह कहानी उस नवजात की है जिसे एक मां ने बरखेड़ा पठानी क्षेत्र में शुक्रवार खंडहर में फेंक दिया था। उसके सिर, हाथ-पांव में गंभीर चोटें हैं। ठंड में बाहर फेंके जाने के कारण उसे संक्रमण हो गया है। वह जिदंगी और मौत से जूझ रहा है।

### लोग बने मददगार

नवजात खंडहर में बिलख रहा था। जब लोगों ने उसके रोने की आवाज सुनी तो पुलिस को सूचना दी। डायल-100 ने मौके पर पहुंचकर नवजात को शाम को जेपी अस्पताल पहुंचा दिया है। गोविंदपुरा पुलिस के अनुसार बरखेड़ा पठानी के श्यामनगर में कड़कड़ाती ठंड में जब लोगों ने पास के एक खंडहर से बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो लोग खंडहर के पास पहुंचे। नवजात को कंबल में लिपटा देखकर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। प्रधान आरक्षक संतोष गौतम और वाहन के पायलट सुरेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंच गए।

# कठिन से कठिन परिस्थिति को ध्यान में रखकर बच्चों के इलाज का इंतजाम करें : श्री सिंह

### कलेक्टर ने कोरोना को लेकर ली शहर के बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की बैठक

### चिकित्सकों ने कहा डरने की नहीं सावधान रहने की जरूरत



ग्वालियर। कोरोना की कठिन से कठिन परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बच्चों के इलाज के लिए सभी निजी एवं सरकारी अस्पतालों में पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। साथ ही बच्चों का इलाज निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत हो। यह बात कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शहर के बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की बैठक में कही।

शुक्रवार को यहाँ स्मार्ट सिटी के कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों से चर्चा कर निजी एवं सरकारी अस्पतालों में बच्चों के लिए उपलब्ध सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही सेवाओं को और बेहतर बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कोरोना की तीसरी लहर में बच्चों में भी संक्रमण सामने आ रहा है। अभी तक लगभग 31 बच्चे कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। जिनमें 9 वर्ष तक के सात बच्चे शामिल हैं। सुखद बात यह है कि किसी भी बच्चे में गंभीर लक्षण नहीं हैं, फिर भी पूरी एहतियात बरतने की जरूरत है।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में यह भी कहा कि शहर के बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ आपस में चर्चा कर कोरोना संक्रमित बच्चों के इलाज के लिये प्रोटोकॉल भी तय करें। श्री सिंह ने कहा कि शहर में बच्चों के इलाज के लिये एक स्पेशल कोविड केयर सेंटर स्थापित किया जाएगा। साथ ही एक अस्पताल को भी विशेष रूप से बच्चों के इलाज के लिये अधिकृत करेंगे, जिससे कोरोना संक्रमित बच्चों का बेहतर से बेहतर इलाज हो सके।

बैठक में बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों ने कहा कि बच्चों में कोरोना संक्रमण अभी चिंता का विषय नहीं है। फिर भी पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने सलाह दी कि खासतौर पर बच्चों को घर में अपने दादा-दादी एवं बुजुर्गों से दूर रखें।

बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों की बैठक में शहर के विभिन्न अस्पतालों में बच्चों के लिये उपलब्ध आईसीयू एवं सामान्य बैड की जानकारी भी ली गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## जिले में रोको-टोको अभियान के तहत कार्रवाई जारी

### मास्क न लगाने वालों को भेजा खुली जेल, जुर्माना भी वसूला



ग्वालियर। बच्चों के कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखकर शहर में रोको-टोको अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही मास्क न लगाने वाले लोगों से जुर्माना वसूलने के साथ-साथ उन्हें अस्थायी तौर पर खुली जेल में भी रखा जा रहा है। साथ ही निबंध भी लिखवाए जा रहे हैं। इस कड़ी में शुक्रवार को ठाठीपुर क्षेत्र में जिला शिक्षा अधिकारी श्री विकास जोशी के नेतृत्व में रोको-टोको अभियान के तहत बिना मास्क के पक? गए लोगों को रूपसिंह स्टेडियम में बनाई गई खुली जेल में भेजा गया। साथ ही उनसे जुर्माना भी वसूला गया। कोरोना मरीजों के घरों पर किया सेनेटाइजेशन इसी तरह कोरोना से संक्रमित पाए गए मरीजों के घरों के आसपास सेनेटाइजेशन का काम भी किया जा रहा है। साथ ही मरीज के घर पर पर्चे भी चस्पा किए जा रहे हैं। इस कड़ी में शांतिनगर, वार्ड-48 के अंतर्गत एश्वर्य अपार्टमेंट कॉलोनी सहित शहर की अन्य बस्तियों में पाए गए कोरोना मरीजों के घर पर सेनेटाईजेशन कर दवाओं की किट भी वितरित की गईं।

## चित्रकला प्रतियोगिता व सम्मान समारोह सम्पन्न

### श्वान एनिमल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गांधी शिल्प बाजार में हुआ आयोजन



ग्वालियर। गांधी शिल्प बाजार के स्पेशल एक्सपो हैंडलूम 2022 मे बुधवार को5 जनवरी 2022को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन श्वान एनिमल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किया गया। जिसमें प्रतिभागी बच्चो द्वारा निर्धारित विषय 3से 8 वर्ष आयु वर्ग ने सेव एनिमल, 9से 14आयु वर्ग ने स्वच्छ भारत, 15से 22 सेव ट्री,थीम पर पेंटिंग के माध्यम से सामाजिक जागरूकता पर हुनर दिखाकर सेव स्ट्रीट एनिमल का संदेश दिया जिसमें प्रतिभागी बच्चो को तीन आयु वर्ग में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। एक विशेष पुरुस्कार खुशी बड़ोदिया को दिया गया ये बच्ची मुंह से पेंटिंग बनाती है हाथ पैर से अक्षम खुशी प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र रही। प्रवीण पंवार जी ने खुशी को 501रूपये का नगद पुरस्कार मंच से प्रदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमल माखीजानी बीजेपी जिला अध्यक्ष, रेशू राजावत बीजेपी जिला महामंत्री, रामेश्वर भदौरिया बीजेपी जिला उपाध्यक्ष, डॉ.वंदना भूपेंद्र प्रेमी,बेटी है तो कल है संस्था, मेला प्रमुख डीसी तिवारी, उर्मिला तोमर , प्रवीण पवार जी की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके साथ साथ पर्यावरण प्रेमी प्रदीप लक्षणे श्री श्याम श्रीवास्तव जी रविन्द्र पवीया अरविंद नरवरिया ने भी पूरे समय उपस्थित रहकर नन्हे कलाकारो का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ खुशी शर्मा की गणेश वंदना की नृत्य प्रस्तुति से हुआ। संस्था अध्यक्ष नम्रता सक्सेना ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पहार से सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवम् यादव ने किया। उपाध्यक्ष वंदना पाल श्वेता सक्सेना रेखा सक्सेना डॉ.चित्रा अनुरागी पारस जादौन अंजली सक्सेना , ऋषि अमन विनय निशा मोहमद आदि टीम मेंबर उपस्थित थे। अतिथियों ने श्वान एनिमल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे श्वान एवं मूक पशुओं के हितार्थ सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए संस्था सदस्यों को प्रोत्साहित कर सदैव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बच्चों को स्वल्पाहार के साथ ही संस्था अध्यक्ष नम्रता सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया। पॉलीथिन हटाओ, कप? के थैले अपनाओ के तहत अथितियों को पर्यावरण प्रेमी प्रदीप लक्षणे ने कप? के थैले भेंट किये ।

## संक्षिप्त समाचार

### त्रैमासिक, छमाही, प्रीबोर्ड एवं मुख्य परीक्षा के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि करने के निर्देश

ग्वालियर। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश से संबद्ध शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत कक्षा - 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के मौजूदा शैक्षणिक सत्र के त्रैमासिक, छमाही, प्रीबोर्ड एवं मुख्य परीक्षा के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि की जानी है। एमपी ऑनलाइन के जरिए 15 जनवरी तक यह प्रविष्टियां सुनिश्चित करने के आदेश संबंधित शिक्षण संस्थाओं को पूर्व में ही जारी किए जा चुके हैं। ऐसी शिक्षण संस्थायें जिन्होंने अभी तक यह काम नहीं किया है, उनको माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा सचेत किया गया है कि इस काम को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं। इस कार्य के लिये तिथि में वृद्धि नहीं की जायेगी और न ही ऑफलाईन अंक मान्य किए जायेंगे।

**डीएलएड द्वितीय अवसर के फॉर्म भरने की सुविधा 10 जनवरी तक**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (D.EL.ED) प्रथम / द्वितीय वर्ष (द्वितीय अवसर) परीक्षा 12 जनवरी को शुरू हो रही है। ऐसे विद्यार्थी जिनका परीक्षा परिणाम 15 दिसम्बर के पश्चात घोषित किया गया है, उन्हें 10 जनवरी तक डीएलएड (द्वितीय अवसर) के परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा करने की सुविधा दी गई है।

### उचित मूल्य की दुकानों पर सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के निर्देश

नेशनल फूड सिक्यूरिटी एक्ट के सभी हितग्राहियों की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से ई-केवायसी की जानी है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जिले की समस्त उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं से माह जनवरी के राशन वितरण के साथ-साथ हितग्राहियों की ई-केवायसी का काम सुनिश्चित करने के लिये कहा है। डस्टबिन न रखने, गंदगी फैलाने व मास्क न लगाने वालों से वसूला जुर्माना ग्वालियर दिनांक 07 जनवरी 2022 - नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान एवं जनजागरुकता अभियान के दौरान स्वच्छता के साथ आमजनों को स्वच्छता में सहयोग की अपील भी की जा रही है। इसके बाद भी नहीं मानने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज शुक्रवार को विभिन्न वार्डों में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाया गया और उन्हें अब कचरा न फैलाने की चेतावनी दी गई।

## सुदामा चरित्र के साथ हुआ भागवत कथा का समापन

### गोविन्द पुरी स्थित शिव शक्ति दुर्गा माता पीठ में चल रही श्रसुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त : अनुप्रिया



ग्वालियर । गोविन्द पुरी स्थित शिव शक्ति दुर्गा माता पीठ में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सुदामा चरित्र के साथ आज भागवत कथा का समापन हो गया ,शनिवार को हवन के साथ भंडारा का आयोजन होगा। कथा व्यास अनुप्रिया देवी ने अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन किया।

कथा व्यास अनुप्रिया देवी ने कहा कि सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वह जीवन में जितने गरीब नजर आए, उतने वे मन से धनवान थे। उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण ने मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए।सुदामा का खूबसूरत चरित्र नन्हे बालक अभिप्राय दुबे ने निभाया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। वहां उपस्थित सैंक?ों श्रद्धालुओं ने ने गाजे- बाजे के साथ श्रीमद्भागवत कथा की विदाई की।इस अवसर पर आरती का अवसर सतेन्द्र सिंह सेंगर को मिला, उन्होंने कहा कि शिव शक्ति दुर्गा माता पीठ में पूरे वर्ष धार्मिक आयोजन होंगे।वही भागवत कथा में राजीव चौहान को पारीक्षत बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।भागवत कथा में व्यास पीठ की पूजा -वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडित कमल किशोर मुदगल ,राम प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। भागवत कथा समापन में आभार आयोजनकर्ता गायत्री शर्मा ने व्यक्त किया।

### भजन कीर्तन के साथ नृत्य के झूम उठा पंडाल

कथा सुनने आए श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का पान किया । समापन पर कथा व्यास अनुप्रिया ने एक से बढाकर एक खूबसूरत भजन गाये,जिन्हें सुनकर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए.इस दौरान भजनों को संगीतमय माहौल बनाने में श्याम म्यूजिकल ग्रुप के दिलीप शर्मा ,आनंद उपाध्याय,हेमंत नागर ने साथ दिया.कथा पंडाल में सजाई गई आकर्षक झांकी ने सभी का मनमोह लिया।



## कांग्रेस की नितियों को घर-घर तक पहुंचाने का संदेश: कांग्रेस

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन पर जिला स्तरीय जनजागरण प्रशिक्षण अभियान मप्र शासन के पूर्व मंत्री जनजागरण अभियान प्रभारी श्री पीसी शर्मा, ग्वालियर प्रभारी अविनाश भार्गव, प्रदेश प्रवक्ता विभा पटेल, मृणाल पंत, डॉ. लालू भदोरिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण दिया। 7 घंटे तक बड़ी एलईडी स्क्रीन पर कार्यकर्ताओं का हर विषय पर प्रशिक्षित किया गया और वर्तमान हालतो में कांग्रेस कार्यकर्ताओ का दायित्व क्या होना चाहिए इसकी ट्रेनिंग दी गई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन पर जिला स्तरीय जनजागरण प्रशिक्षण अभियान मप्र शासन के पूर्व मंत्री जनजागरण अभियान प्रभारी श्री पीसी शर्मा, ग्वालियर प्रभारी अविनाश भार्गव, प्रदेश प्रवक्ता विभा पटेल, मृणाल पंत, डॉ. लाल भदोरिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि कांग्रेस का इतिहास देश की आजादी का इतिहास है, देश के विकास का इतिहास है, त्याग बलिदान, कुर्बानी का इतिहास है, कांग्रेस ने 70 सालो में देश को विकास की बुलंदियो पर पहुचाया है, साथ ही संगठन के लिए अनुशासन सर्वोपरी है, अनुशासन में रहकर ही पार्टी को मजबूत करें, और देश में नफरत की राजनीति करने वाली भाजपा को जनजन में बेनकाब करें, इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करके देश का मंहगाई की आग झोकने वाली, पेट्रोल डीजल, रसोई गैस के दाम बढ़ाने वाली, बेरोजगारी ब?ाने वाली किसानो को मौत के घाट पहुंचाने वाली केन्द्र एवं प्रदेश भाजपा सरकार को बेनकाब करना है, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने अपने क्षेत्रो में कांग्रेस की नीति जनजन तक पहुचांए, 15 माह में श्री कमलनाथ जी की कांग्रेस सरकार ने जो विकास कार्य किए है उसे जनजन तक पहुंचाए, प्रशिक्षण लेने वाले कार्यकर्ताओ का दायित्व है वह कांग्रेस के इतिहास का साथ लेकर देश को सांम्प्रदायिता की आग में झोकने वाली भाजपा को बेनकाब करें।

## तेजी से बढ़ते सक्रमण से बचाव हेतु नई गाइड लाइन जारी



भोपाल/ग्वालियर। कोरोना के तेजी से बढ़ते संक्रमण से बचाव के लिए मध्य प्रदेश में नयी गाइड लाइन जारी कर दी गयी है. नये नियम के मुताबिक मेलों पर रोक लगा दी गयी है. शादी में अब 250 और शव यात्रा में सिर्फ 50 लोग शामिल हो सकेंगे. भोपाल में आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना की समीक्षा बैठक की. उसमें ये फैसला लिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर के कलेक्टरों से बात की. उन्होंने चारों शहरों में प्रशासन को अलर्ट रहने के लिए कहा है. अब प्रदेश में कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर 7 दिन क्वारेंटीन किया जाएगा. तीसरी लहर का पीक 25 से 30 जनवरी के बीच में होने का अनुमान है. इस दौरान प्रदेश में 19 से 20 हजार केस प्रतिदिन आ सकते हैं. यानी यह संख्या दूसरी लहर से लगभग डेढ़ गुना होगी. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना के केस बढ़ेंगे, लेकिन पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है. सतर्कता बरतना जरूरी है. बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, हेल्थ डिपार्टमेंट के अफसर मौजूद थे।






## पंजाब की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मोदी जी की सुरक्षा को संकट में डालने के विरोध में भाजपा ने दिया मौन धरना

**ग्वालियर।** विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की पंजाब यात्रा के दौरान उनके प्राण और राश्ट्र के गौरव पर उत्पन्न संकट करने वाले दोशियों पर कड़ी कार्रवाई हेतु भाजपा ग्वालियर महानगर द्वारा शुक्रवार को दोपहर ३ से ५ बजे तक फूलबाग स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष मौन धरना दिया गया। धरने के उपरांत जिला कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल महोदय को दोशियों पर कड़ी कार्रवाई हेतु ज्ञापन दिया। इस अवसर पर सांसद श्री विवेक शेजवलकर, श्री मुन्नालाल गोयल, डॉ. अरविंद राय, श्री अशोक जादौन, श्री रामेश्वर भदौरिया, श्री रमेश अग्रवाल, श्री हरीश मेवाफरोश, धर्मेंद्र राणा, राजू सेंगर, विनोद शर्मा, श्री गजेंद्र राठौर, श्रीमती रेखा धोलाखंडी, श्री राकेश खुरासिया, श्री जितेंद्र गुर्जर, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री जवाहर प्रजापति, मंडल अध्यक्षगण श्री जयंत शर्मा, उमेश भदौरिया, बृजमोहन शर्मा, श्री सतीश साहू, श्री मनोज मुटाटकर, श्री हरिओम झा, श्री प्रयाग तोमर, श्री विकास गिरि, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती नीलिमा शिंदे, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री संतोश गोडयाले, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री गिर्राज व्यास, पिछडा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री मुलायाम सिंह यादव, श्री राजेंद्र सेठ, श्री उदय अग्रवाल, श्री विनय जैन, विवेक शर्मा, रमेश सेन, रवि तोमर, मनोज तोमर, सुघर सिंह पवैया, अभिनंदन त्यागी, मनीश दीक्षित, प्रतीक तिवारी, सुभाश शर्मा, यश शर्मा, श्रीमती अपर्णा पाटिल, श्रीमती लता सिंह, श्रीमती गीता मेवाफरोश, श्रीमती ममता भिलवार, श्री गुड्डू वारसी, रेशु राजावत, संगीता पाल, प्रीती थोराठ, गिरिजा गर्ग, उमा भदौरिया, महेश खत्री, दिनेश जैन सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शहर के सभी कचराठियों को करें समाप्त और सुनिश्चित करें कि वहां दोबारा ना डले कचरा: संभागीय आयुक्त

### स्वच्छता समीक्षा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए निर्देश

ग्वालियर। शहर के सभी कचरा ठिया अनिवार्य रूप से समाप्त करें और सभी वार्ड मॉनिटर एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुनिश्चित करें कि दोबारा समाप्त किए गए कचरा ठिये पर कचरा ना डल पाए। उक्त आशय के निर्देश संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना ने शुक्रवार को स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, अपर आयुक्त श्री अत्येंद्र सिंह गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता सहित सभी उपायुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारी व वार्ड मॉनिटर एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे।

स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा के लिए आयोजित होने वाली नियमित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने निर्देश दिए कि प्रतिदिन रोड स्वीपिंग का कचरा भी तत्काल उठे। इसके साथ ही स्वच्छता जन जागरूकता के लिए निगम द्वारा चलाई जा रही आईईसी की गतिविधियों के संबंध में सभी अपर आयुक्तों से चर्चा की तथा विभिन्न जानकारियां मांगी और निर्देश दिए कि वार्ड मॉनिटर को एवं अन्य अधिकारियों को जो भी कार्य आईईसी के तहत करना है उन्हें उसका डिटेल चार्ट उपलब्ध कराएं जिससे वह प्रतिदिन अपना कार्य कर सकें।

संभागीय आयुक्त श्री सक्सेना ने निर्देश दिए कि अब हर हाल में सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने वार्ड में शत-प्रतिशत कचरा संग्रहण एवं सैग्रीकेशन करना अनिवार्य होगा। जिस वार्ड में यह नहीं होगा तो संबंधित वार्ड मॉनिटर एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान निगम आयुक्त श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शहर के सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रि कालीन सफाई अनिवार्य रूप से हो और रात में ही कचरा बाजारों से उठ जाए।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478